# वार्षिक रिपोर्ट

## 2020–2021

**भारतीय लोक प्रशासन संस्थान**

इन्द्रप्रस्थ एस्टेट,
रिंग रोड, नई दिल्ली

iipa.org.in

# गाँधीजी का तिलिस्म

''मैं तुम्हें एक तिलिस्म दूँगा। जब भी तुम्हें संदेह हो अथवा तुम्हारा अहम् प्रबल होता दिखाई दे, तो यह कसौटी आजमा कर देखो:

तब उस सबसे गरीब और निर्बल व्यक्ति का चेहरा याद करो जिसे तुमने देखा है और फिर अपने आप से पूछो कि तुम जो कदम उठाने का विचार कर रहे हो क्या वह उस आदमी के लिए उपयोगी होगा? क्या उससे उसको कुछ लाभ होगा? क्या उससे वह अपने जीवन और भाग्य पर नियंत्रण रख सकेगा? दूसरे शब्दों में, क्या उससे उन करोड़ों भूखे और अतृप्त लोगों को स्वराज्य मिलेगा?

तब तुम देखोगे कि तुम्हारा संदेह मिट रहा है और अहम् समाप्त हो रहा है।''

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

**मोहनदास**
**करमचंद गाँधी**

# भारतीय लोक प्रशासन संस्थान

इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली- 110002

# 67वीं
# वार्षिक रिपोर्ट
# 2020-2021

1 नवंबर, 2021 को आम सभा
की वार्षिक बैठक में प्रस्तुत

*केंद्र और राज्य स्तर पर शासन के कार्यों के प्रबंधन के लिए अपेक्षित ज्ञान, कौशल और व्यवहार के साथ प्रशिक्षण और अनुसंधान के माध्यम से लोकसेवकों के बीच क्षमता निर्माण के लिए भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की स्थापना की गई थी। सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में अधिकारियों के नेतृत्व, प्रबंधन और प्रशासनिक क्षमता को बढ़ाने के अपने प्रयासों में संस्थान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर काम करता है। संस्थान के प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रम इसके विशाल सूचना प्रबंधन और अनुभव साझाकरण गतिविधियों से जुड़े हुए हैं।*

*अपने संस्थापकों के सपनों को साकार करते हुए भा.लो.प्र.सं का उद्देश्य लोक प्रशासन, नीति निर्माण और कार्यान्वयन के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी शैक्षणिक विचार केंद्रों में से एक बनना है (ताकि शासन प्रणालियां नागरिकों की जरूरतों और आकांक्षाओं के प्रति अधिक उत्तरदायी बन सकें और लोकतांत्रिक समाज में मानवीय मूल्यों के साथ तालमेल बैठा सकें।*

## कार्यकारी परिषद्
## ( 01.4.2020 से 31.03.2021 तक )

**अध्यक्ष**

श्री. एम. वेंकय्या नायडू
भारत के माननीय उपराष्ट्रपति
6, मौलाना आज़ाद रोड
नई दिल्ली- 110011

**सभापति**

डॉ. सी. चंद्रमौलि
सचिव
कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग
कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय,
भारत सरकार
कमरा नं. 112, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली- 110001
(11.01.2020 से 30.09.2020 तक)

डॉ. जितेन्द्र सिंह
माननीय राज्यमंत्री
कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय,
भारत सरकार
नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली- 110001
(अक्टूबर 2020 से आज तक)

**कार्यकारी परिषद् के सदस्य**

श्री शेखर दत्त
(छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल)
फ्लैट सं. सी-805, 8वीं मंज़िल, कीनवुड टॉवर,
चार्मवुड विलेज,
सूरजकुंड रोड, फरीदाबाद- 121009 (हरियाणा)

प्रो. राजकुमार
कुलपति
पंजाब विश्वविद्यालय
चंडीगढ़- 160014

डॉ. संजीव चोपड़ा
निदेशक, लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी,
मसूरी- 248179 (उत्तराखंड)

प्रो. जोसेफ के. अलेक्ज़ेंडर
अध्यक्ष
भा.लो.प्र.सं. केरल क्षेत्रीय शाखा
मार्फत, एलेक्सी जोस, टी.सी., 41/1950 (1)
ए-56, पंडित कॉलोनी, कॉडीयार
थिरुवनंतपुरम- 695003

श्री एस. एस. क्षत्रिय
अध्यक्ष
भा.लो.प्र.सं. महाराष्ट्र क्षेत्रीय शाखा
भूतल, महाराष्ट्र बैंक के साथ, मुख्य मंत्रालय
हुतात्मा राजगुरू चौक, मैडम कामा रोड,
मुंबई-400032

प्रो. एन. लोकेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
भा.लो.प्र.सं. मणिपुर क्षेत्रीय शाखा
मार्फत मणिपुर विश्वविद्यालय
काँचीपुर, इंफाल- 795003

श्री एस.सी. मिश्रा
अध्यक्ष
भा.लो.प्र.सं. ओडिशा क्षेत्रीय शाखा
क्वाटर नंबर वी आईसी, 2/1 इकाई-1,
भुवनेश्वर-751009

डॉ. टी. वी. सोमनाथन
सचिव, व्यय विभाग,
वित्त मंत्रालय, भारत सरकार
कक्ष संख्या-129-अ,
नार्थ ब्लॉक नई दिल्ली-110001

प्रो. के.के. पाण्डेय
भा.लो.प्र.सं.
नई दिल्ली- 110002

श्रीदीपक खांडेकर
सचिव
कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग
कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रलय,
भारत सरकार
कक्ष संख्या -112,
नार्थ ब्लॉक नई दिल्ली-110001

श्री अमिताभ कांत
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
नीति आयोग, भारत सरकार
नीति भवन, संसद मार्ग
नई दिल्ली- 110001

## सदस्य सचिव

श्री सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी
महानिदेशक
भारतीय लोक प्रस्थान संस्थान,
आई.पी. एस्टेट, रिंग रोड,
नई दिल्ली- 110002

**डॉ0 जितेन्द्र सिंह**
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार),
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय;
राज्य मंत्री, प्रधान मंत्री कार्यालय;
राज्य मंत्री कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय;
राज्य मंत्री परमाणु ऊर्जा विभाग तथा
राज्य मंत्री अंतरिक्ष विभाग
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

**Dr. JITENDRA SINGH**
Minister of State (Independent Charge)
of the Ministry of Science and Technology;
Minister of State (Independent Charge)
of the Ministry of Earth Sciences;
Minister of State in the Prime Minister's Office;
Minister of State in the Ministry of Personnel,
Public Grievances and Pensions;
Minister of State in the Department of Atomic Energy and
Minister of State in the Department of Space
Government of India

## संदेश

भा.लो.प्र.सं. के 67 साल पुराने प्रतिष्ठित प्रकाशन-इसकी वार्षिक रिपोर्ट के लिए यह संदेश लिखते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है। यह रिपोर्ट वर्ष 2020-21 के दौरान संस्थान की वर्ष भर की गतिविधियों का एक संक्षिप्त संस्करण है।

वर्ष 2020-21 में कोविड-19 ने दुनिया पर हमला बोला और हर जगह इसकी वजह से संकट छाया रहा। फिर भी भा.लो.प्र.सं. को इस बात का श्रेय जाता है कि इसने बहुत शीघ्रता से खुद को डिजिटल प्रशिक्षण में अनुकूलित कर लिया। जिस समय कोरोना और लॉकडाउन अपने चरम पर थे (उस दौरान भी संस्थान द्वारा डिजिटल आधारभूत संरचना के साथ ही डिजिटल पाठ्य सामग्री भी तैयार की गई। महामारी के दौरान भा.लो.प्र.सं. ने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के लिए बड़ी संख्या में अनुसंधान परियोजनाएं पूरी कीं। न्यूनतम उपस्थिति, अधिकतम कार्यनिष्पादन के मंत्र का अनुसरण करते हुए भा.लो.प्र.सं. के शिक्षकों एवं अधिकारियों ने घर से ही अथक परिश्रम किया और उम्मीद से अधिक कार्य निष्पादन को अंजाम दिया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं निर्देशों के अनुसार सरकार ने मिशन कर्मयोगी (जन सेवाओं में क्षमता निर्माण हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम) का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य जनसेवाओं की क्षमता निर्माण में आमूलचूल परिवर्तन लाना था। हम नियम आधारित प्रणाली से भूमिका आधारित प्रणाली की ओर बढ़ रहे हैं। भा.लो.प्र.सं ने अपने अंदर एक मिशन कर्मयोगी प्रकोष्ठ की स्थापना की है। अब भा.लो.प्र.सं. डिजिटल प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक ऐसा अग्रणी संस्थान है जिसने आईजीओटी मंच पर बहुत सारे पाठ्यक्रमों को अपलोड किया है। इसके अलावा भा.लो.प्र.सं. अपने खुद के एल.एम. के लिए भविष्य के ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु पाठ्यक्रम की तैयारी करता रहा है। भा.लो.प्र.सं. की आमसभा ने 31 अक्टूबर 2020 को आयोजित वार्षिक बैठक में भा.लो.प्र.सं की कार्यकारी परिषद को छोटा, प्रभावी, कुशल और अधिक प्रतिनिधिक बनाने के लिए भा.लो.प्र.सं. मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन और नियमों में संशोधन को मंजूरी दी।

भा.लो.प्र.सं. की कार्यकारी परिषद के सभापति का पद-भार संभालने के बाद मैं बैठक में शामिल हुआ। बैठक में लिए गए सबसे पहले निर्णयों में से एक था-लंबी रोक के बाद एक जनवरी 2021 से भा.लो.प्र.सं. की आजीवन सदस्यता को दुबारा से शुरू करना। मुझे यह जानकर हर्ष हो रहा है कि भा.लो.प्र.सं. ने अब सदस्यता अभियान शुरू किया है और सेवारत जनसेवकों के साथ ही साथ शिक्षाविदों को भी आजीवन सदस्य के रूप में पंजीकृत करने का प्रयास कर रहा है। इससे निःसंदेह समस्त हित धारकों के बीच जन प्रशासन के ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं के प्रचार में मदद मिलेगी। अधिक से अधिक एकीकरण और डी-सिलोसेशन प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा।

मैं संस्थान की भावना को बनाए रखने में उनके प्रयासों के लिए भा.लो.प्र.सं. की टीम को बधाई देता हूं।

डॉ जितेंद्र सिंह
एमबीबीएस (स्टैनले, चेन्नई)
एमडीमेडिसिन, फैलोशिप (अ.भा.आ.सं., एनडीएल)
एमएनएएमएस (मधुमेह एवं अंतः स्रावी विज्ञान)

अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग
नई दिल्ली-110001
दूरभाष: 011-23316766, 23714230
फैक्स: 011-23316745

साउथ ब्लॉक नई दिल्ली-110011
दूरभाष: 011-23010191 फैक्स: 011-23017931
नार्थ ब्लॉक नई दिल्ली-110001
दूरभाष: 011-23092475 फैक्स: 011-23092716

# महानिदेशक की ओर से

वर्ष 2020-21, भा.लो.प्र.सं. के लिए कई तरह से ऐतिहासिक रहा है। माननीय केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय; राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (राज्य मंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय) राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय से डीओपीटी के प्रभारी राज्य मंत्री की हैसियत से भा.लो.प्र.सं. की कार्यकारी परिषद के सभापति का पदेन प्रभार ग्रहण करने के लिए अनुरोध किया गया था। माननीय केंद्रीय मंत्री ने भा.लो.प्र.सं. की कार्यकारी परिषद के पदेन सभापति के रूप में उत्तरदायित्व को स्वीकार करके महान कृपा की।

2020-21 भा.लो.प्र.सं. के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष रहा है। इसी वर्ष 31 अक्टूबर 2020 को आयोजित अपनी वार्षिक बैठक में भा.लो.प्र.सं. ने भा.लो.प्र.सं. मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन और नियमों में व्यापक संशोधन किए हैं। जिसके अनुसार कार्यकारी परिषद छोटी, प्रभावी, कुशल और अधिक प्रतिनिधिक बन सकेगी। ये संशोधन तभी से लागू कर दिए गए हैं।

संशोधनों को लागू करने के पश्चात भा.लो.प्र.सं. ने 1 जनवरी, 2021 से आजीवन सदस्यता को भी पुनः बहाल कर दिया है, जो कि पीछे काफी लंबे समय से बंद पड़ी थी। इसके लिए आंचलिक एवं स्थानीय शाखाओं तथा इच्छुक सदस्यों द्वारा कई बार अनुरोध किया गया था। तभी से भा.लो.प्र.सं. ने सभी लंबित आवेदनों की छंटनी की है और पात्र आवेदकों को सदस्यता प्रदान की है। भा.लो.प्र.सं. ने सदस्यता अभियान भी शुरू किया है और समस्त आंचलिक तथा स्थानीय शाखाओं से आवेदन भी आमंत्रित किए हैं।

वर्ष 2020-21 को केवल भारत वर्ष में ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में कोविड-19 के खतरनाक फैलाव के लिए भी याद किया जाएगा। इस भयंकर महामारी के कारण तथा उसके परिणाम स्वरूप होने वाले लॉक-डाउनों की वजह से हर जगह संकट उत्पन्न हो गया था। भा.लो.प्र.सं. की गतिविधियां भी इससे बुरी तरह प्रभावित हुईं। शारीरिक प्रशिक्षण का कार्य धीरे-धीरे पूरी तरह जाम हो गया। सामान्य कामकाज ठप्प हो गए और संसाधन निर्माण बंद हो गया। फिर भी भा.लो.प्र.सं. ने हिम्मत नहीं हारी और सच्चाई तो यह है कि मई, 2020 से संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियां और अधिक सघन हो गईं। भा.लो.प्र.सं. को डिजिटल प्रशिक्षण के रूप में मानो एक नया सहयोगी मिल गया था।

ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए भा.लो.प्र.सं. ने नए यंत्रों एवं तकनीकों को अपनाने के लिए खुद को बड़ी फुर्ती से बदला। भा.लो.प्र.सं. ने ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए कई वी सी एवं डिजिटल रूप से सुसज्जित कक्षाओं की स्थापना के साथ ही साथ डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूलों और पाठ्यक्रमों को तैयार किया। वित्तीय वर्ष 2020-21 में भा.लो. प्र.सं. ने भारतीयों के साथ ही साथ विभिन्न देशों के विदेशी सरकारी अधिकारियों के लिए 66 ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इन देशों में वियतनाम, कंबोडिया, भूटान, अर्जेंटीना, किंगडम ऑफ एस्वाटीनी (पूर्व में स्वाजीलैंड), कॉस्ट रीका, केन्या और मॉरीशस आदि शामिल हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विदेश मंत्रालय के भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग कार्यक्रम (आईटीईसी) के तहत चलाया गया था।

भा.लो.प्र.सं. के लिए यह पहली बार था कि संस्थान को जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम में गंगा को पुर्नजीवित करने के लिए लोगों की सहभागिता को एकीकृत करके नेतृत्व देने का कार्य सौंपा गया था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है - क्षमता, जन जागरूकता तथा हित धारकों की भागीदारी के साथ बहु-क्षेत्रीय समन्वय को बढ़ाना। यह तीन वर्ष चलने वाला कार्यक्रम है।

भा.लो. प्र.सं. ने इस परियोजना के तहत एल.एम.एस. मंच पर वेब आधारित प्रशिक्षण के लिए मिली जुली अधिगम सामग्री का निर्माण किया है।

भा.लो.प्र.सं. ने 80 से ज्यादा विद्यालयों के 9177 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया है और वर्ष 2020-21 में 672 मास्टर प्रशिक्षक तैयार किए हैं।

भा.लो.प्र.सं. के लिए यह भी पहली बार है कि संस्थान राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान (एनटीआरआई) की स्थापना एवं परिपोषण में भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय की मदद कर रहा है। एनटीआरआई को भा.लो.प्र.सं. परिसर के अंदर भा.लो.प्र.सं सौध भवन में स्थापित किया जा रहा है और भा.लो.प्र.सं. एनटीआरआई का मार्गदर्शन कर रहा है।

कोविड-19 महामारी के दौरान भा.लो.प्र.सं. ने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के लिए बड़ी संख्या में अनुसंधान परियोजनाएं पूरी कीं। भा.लो.प्र.सं. के अनुसंधान स्कंध ने चिंता के विशिष्ट शासन क्षेत्रों में गुणात्मक उत्थान प्राप्त किया है। भा.लो.प्र.सं. के शिक्षकों ने विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों एवं राज्य सरकारों के लिए लगभग 60 अनुसंधान अध्ययन पूरे किए हैं। वैश्विक संकट के इस दौर में यह अद्‌भुत उपलब्धि रही है।

भा.लो.प्र.सं. ने मौजूदा प्रासंगिकताओं के विषयों पर मई, 2020 से वेबिनार श्रृंखला शुरू की। इसके विषय थे - मिशन कर्म योगी, पोस्ट कोविड-19 शासन सुधार, कृषि में सुधार, महामारी के बाद की अवधि में शासन का डिजिटल परिवर्तन, राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली, स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली, आयुष्मान भारत, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम, राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीतियां, जलवायु परिवर्तन, अटल मिशन फॉर रिजुविनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (ए एम आर यू टी), राष्ट्रीय विरासत शहर विकास आदि। वित्तीय वर्ष 2020-21 में भा.लो.प्र.सं. ने 66 वेबिनारों का आयोजन किया। सरकार से संकेत लेते हुए भा.लो.प्र.सं. ने इस मिशन मोड कार्यक्रम से संबंधित सभी गतिविधियों को संकाय और बाहरी संगठनों के साथ समन्वित करने के लिए समर्पित मिशन कर्म योगी संसाधन केंद्र की स्थापना की। भा.लो.प्र.सं.कार्यक्रमों, मॉड्यूलों और आईजीओटी मंच हेतु पाठ्यक्रमों के विकास के लिए वाधवानी फाउंडेशन, जे-पीएएल, बिल एवं मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन, सीटीआईज और एटीआईज जैसे विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग कर रहा है। मिशन कर्म योगी का अभिन्न अंग फ्रेसिंग (फेमवर्क ऑफ रोल्स, एक्टिविटीज एंड कंपीटेंसीज) भी भा.लो.प्र.सं. की गतिविधियों में सबसे आगे है।

46वां लोक प्रशासन में उन्नत व्यावसायिक कार्यक्रम (अप्पा) 1 जुलाई, 2020 को ऑनलाइन माध्यम से शुरू हुआ। इसका उद्‌घाटन डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय केंद्रीय मंत्री, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा किया गया। यह कोविड-19 महामारी एवं लॉकडाउन के बीच शुरू हुआ था। यह पहला मिड-करियर कार्यक्रम था जो सफलतापूर्वक सही समय पर शुरू हुआ और अपनी पूरी 10 महीने की कालावधि में ऑनलाइन मोड में चला। भा.लो.प्र.सं. ने 16 सितंबर, 2020 को हिंदी दिवस मनाया। इसमें श्री सुमीत जैरथ, भा.प्र.से., सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया।

ज्ञान प्रसार के मोर्चे पर भा.लो.प्र.सं. पुस्तकालय के डिजिटल भंडार के संचालन तथा दूरस्थ स्थानों से भा. लो.प्र.सं. पुस्तकालय के विशाल संसाधनों तक पहुंच प्रदान करने से भा.लो.प्र.सं. को अब अकादमिक दुनिया के कोने-कोने तक अपने पंख फैलाने में मदद मिली है।

संस्थान, भा.लो.प्र.सं.में प्रशिक्षण, अनुसंधान, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों एवं अन्य गतिविधियों के समर्थन और ज्ञान के आधार को लगातार उन्नत करने तथा सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने की गुणवत्ता में सुधार करने के सरकारी

प्रयासों में सहायता करने के लिए केंद्र और राज्यों के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग तथा अन्य मंत्रालयों के प्रति आभार व्यक्त करता है। हम भारत के माननीय उपराष्ट्रपति एवं भा.लो.प्र.सं. के अध्यक्ष (माननीय केंद्रीय मंत्री एवं भा.लो.प्र.सं. के सभापति) ई सी, एवं कार्यकारी परिषद के सदस्यों द्वारा प्रदान किए गए निरंतर समर्थन के लिए अपना आभार और प्रशंसा दर्ज करते हैं।

संस्थान आंचलिक और स्थानीय शाखाओं के सभी पदाधिकारियों, संकाय सदस्यों ,अधिकारियों और संस्थान के कर्मचारियों को संस्थान के समग्र विकास में उनके ईमानदार प्रयासों के लिए धन्यवाद देता है। हम भा.लो.प्र.सं. के अंदर एवं बाहर उन सभी के आभारी हैं, जिन्होंने हमारी सहायता की है और 2020-21 के दौरान हमारी गतिविधियों और प्रयासों की सफलता में योगदान दिया है। हम उनसे आगे भी इसी तरह के सहयोग की आशा करते हैं।

**( सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी )**

महानिदेशक

# विषय सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| **माननीय केंद्रीय मंत्री एवं भा.लो.प्र.सं. के सभापति का संदेश** | v |
| महानिदेशक की कलम से- | vi |
| **सिंहावलोकन** | 1 |
| प्रशिक्षण/शैक्षिक कार्यक्रम | 1 |
| सूचना प्रबंधन | 5 |
| प्रकाशन | 5 |
| पुस्तकालय | 5 |
| **सहयोगी गतिविधियां** | 6 |
| आम सभा की 66वीं वार्षिक बैठक | 7 |
| सदस्यों का 64वां वार्षिक सम्मेलन | 9 |
| कार्यकारी परिषद | 9 |
| सदस्यता | 9 |
| पॉल एच एप्पलबाई पुरस्कारों से सम्मानित भा.लो.प्र.सं. के विशिष्ट सदस्य | 10 |
| भारतीय लोकप्रशासन पत्रिका (आईजेपीए) में छपे सर्वोत्तम लेख हेतु वर्ष 2019 के लिए श्री टी.एन. चतुर्वेदी पुरस्कार | 10 |
| आंचलिक एवं स्थानीय शाखाएं तथा सदस्यों की गतिविधियां | 11 |
| **दूरगामी पहुंच वाली गतिविधियां** | 11 |
| निबंध प्रतियोगिता | 11 |
| केस स्टडी प्रोग्राम | 12 |
| ढांचागत सुधार | 12 |
| संस्थान की वित्त व्यवस्था | 13 |
| **महत्वपूर्ण घटनाएं** | 13 |
| संगोष्ठियां/सम्मेलन/कार्यशालाएं/व्याख्यान | 13 |
| संस्थान के विशिष्ट आगंतुक | 27 |
| **अकादमिक केंद्र/पीठ** | 27 |
| प्रशासकीय एवं कार्मिक मामले | 36 |
| आभार प्रदर्शन/कृतज्ञता ज्ञापन | 37 |
| 2020-21 के दौरान भुगतान किए गए टीए/डीए और मानदेय का विवरण | 38 |
| 01-04-2020 से 31-03 -2021 तक कार्यकारी परिषद् तथा अन्य समितियों की बैठकों/ शाखाओं के पदाधिकारियों के टीए/डीए का विवरण | 38 |
| 2020-21 के दौरान संकाय सदस्यों को भुगतान किए गए मानदेय एवं वेतन का विवरण | 38 |

| | | |
|---|---|---|
| | **वित्त और लेखा** | 39 |
| च | **संलग्नक** | |
| च.1 (क) | अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक पूरी की गई शोध परियोजनाएं | 42 |
| च.1 (ख) | अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक चल रही शोध परियोजनाएं | 47 |
| च. 2 | अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाएं | 49 |
| च. 3 | शाखाओं की गतिविधियां (2020-2021) | 58 |
| च. 3.1 | 30-03-2021 तक आंचलिक और स्थानीय शाखाओं के सभापति और मानद सचिवों की सूची | 67 |
| च. 3.2 | 30-03-2021 तक आंचलिक एवं स्थानीय शाखाओं से संबद्ध सदस्यों की सूची | 68 |
| च. 4 | अकादमिक/शिक्षण केंद्र 2020-21 | 71 |
| च. 5 | भा.लो.प्र.सं. के संकाय एवं अन्य के शैक्षणिक/अकादमिक योगदान (प्रशिक्षण एवं अनुसंधान अध्ययनों के अलावा) | 72 |
| च. 6 | 2020-21 के दौरान शाखाओं को दी गई वित्तीय सहायता का विवरण-पत्र | 137 |
| च. 7 | 31-03-2021 तक भा.लो.प्र.सं. की आंचलिक शाखाओं से संबद्ध संकाय सदस्य | 140 |
| च. 8 | 31-03-2021 को संकाय एवं अन्य वरिज़्ठ अधिकारी | 141 |
| च. 9 | शहरी अध्ययन के लिए केंद्र की गतिविधियां | 143 |
| च. 10 | उपभोक्ता अध्ययन के लिए केंद्र की गतिविधियां | 148 |
| च. 11 | 2020-2021 के दौरान संकाय सदस्यों को भुगतान किए गए मानदेय एवं वेतन का विवरण | 163 |
| | वर्ष 2020-21 के लिए तुलन-पत्र और खातों का लेखा-परीक्षित विवरण | 164 |

# संस्थान की गतिविधियों की रिपोर्ट

# ( 2020-2021 )

## सिंहावलोकन

भा.लो.प्र.सं. की यह रिपोर्ट वर्ष 2020-2021 से संबंधित है। संस्थान मौलिक एवं समकालीन मुद्दों के साथ ही साथ सरकार, राष्ट्रीय संगठनों एवं अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों द्वारा प्रायोजित विशिष्ट क्षेत्रों में शोध का कार्य करता है। यह सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को परिचालन क्षेत्र में सलाहकार सेवाएं भी प्रदान करता है। यह लोक प्रशासन और प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं और पक्षों पर बड़ी संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है और हर साल भारत एवं विदेशों के लगभग 5000 अधिकारियों एवं नागरिक समाज के सदस्यों को प्रशिक्षित करता है। यह विशेष प्रकाशनों और पत्रिकाओं के माध्यम से लोक प्रशासन से संबंधित साहित्य का प्रकाशन और प्रचार भी करता है।

यह रिपोर्ट निम्नलिखित चार प्रमुख शीर्षों के तहत संस्थान की गतिविधियों को प्रस्तुत करती है :

- प्रशिक्षण
- अनुसंधान गतिविधियां
- सूचना प्रबंधन
- सहयोगी एवं दूरगामी पहुंच वाली गतिविधियां

इस रिपोर्ट में निम्नलिखित के बारे में जानकारी शामिल है :

- संस्थान की वित्त व्यवस्था
- शैक्षणिक कार्यक्रम जैसे, संगोष्ठियां, सम्मेलन, व्याख्यान, यात्राएं, पुस्तक विमोचन आदि।
- भा.लो.प्र.सं. के विभिन्न केंद्रों और समितियों की गतिविधि रिपोर्ट
- संकाय की शैक्षणिक गतिविधियाँ
- प्रशासकीय एवं कार्मिक मामले

## प्रशिक्षण/शैक्षिक कार्यक्रम

संस्थान ने बड़ी संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जो मोटे तौर पर निम्नलिखित श्रेणियों में आते हैं :

1. **दीर्घकालिक कार्यक्रम :** इसमें वरिष्ठ अधिकारियों के लिए लोक प्रशासन में उन्नत व्यावसायिक कार्यक्रम (अप्पा) शामिल है जो भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के प्रशिक्षण प्रभाग के लिए आयोजित किया जाता है।
2. **प्रायोजित कार्यक्रम :** इनमें मुख्यत: वे कार्यक्रम शामिल हैं, जो-

   अ) कार्मिक प्रशिक्षण विभाग

   ब) शहरी विकास मंत्रालय

   स) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

   द) उपभोक्ता मामले विभाग

   य) अन्य मंत्रालयों/ विभागों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, आदि के द्वारा प्रायोजित किए जाते हैं।
3. **शुल्क आधारित कार्यक्रम :** उपयोगकर्ता संगठन के आदेश के साथ ही साथ अपनी पहल पर संस्थान द्वारा डिजाइन एवं पेश किए जाने वाले ।

## 46 वां उन्नत व्यावसायिक लोक प्रशासन कार्यक्रम'2020-21

### संक्षिप्त रिपोर्ट

46वां उन्नत व्यावसायिक लोक प्रशासन कार्यक्रम भा.लो.प्र.सं. और भारत के इतिहास में सुनहरे पन्नों में दर्ज होगा। यह भा.लो.प्र.सं. के इतिहास में पहला डिजिटल कार्यक्रम होगा। अप्पा अखिल भारतीय और केंद्रीय सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए एक उच्च-अंत-अनुकूलित 10 महीने का कार्यक्रम है।

यह कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है और इसे भा.लो.प्र.सं. द्वारा प्रत्येक वर्ष की 1 जुलाई से शुरू किया जाता है।

## इस वर्ष का अप्पा बहुत ही अनोखा-भा.लो.प्र.स./देश में अपनी तरह का पहला

कोविड-जनित उपद्रव के साथ ही यह साल कई तरह से अनोखा रहा। कार्यक्रम 1 जुलाई , 2020 को शुरू हुआ। 29 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। इनमें से ज्यादातर तीनों सेनाओं में से थे और अन्य आई टी एस, सैन्य अभियंता सेवा, (एम ई एस) व एम ओ ई एफ तथा दूसरे नागरिक अधिकारी थे।

## कार्यक्रम के उद्देश्य

इस अप्पा पाठ्यक्रम की समाप्ति पर प्रतिभागी-गण निम्नलिखित योग्यताएं प्राप्त कर लेंगे :

- सामाजिक विज्ञान, लोकनीति एवं शासन की प्राथमिक धारणाओं को समझना
- भारत में लोक प्रशासन और शासन-सदाचार के सामयिक मुद्दों पर अपने विचार विकसित करना
- नीतियों और तौर-तरीकों के अनुप्रयोग को प्रभावित करने वाले कारकों का विश्लेषण करना
- निर्णय लेने में विश्लेषणात्मक कौशलों का अनुप्रयोग करना
- प्रशासनिक सुधार एवं सुशासन के लिए फेम वर्क डिजाइन करना
- जनता की जरूरतों के प्रति संवेदनशीलता एवं अंतर्वैयक्तिक कौशलों को विकसित करना

उपरोक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु कार्यक्रम को इस तरह डिजाइन किया गया था कि इसमें नैतिकता, जीवन-मूल्य, समीक्षात्मक सोच और रचनात्मकता के विकास के लिए गैर क्रेडिट इनपुट के अलावा शैक्षणिक प्रशिक्षण मॉड्यूल, अनुभवात्मक अधिगम, शोध-निबंध लेखन, और मौखिक परीक्षा समाहित थी। इस वर्ष शैक्षणिक मॉड्ल्स में 33 स्ट्रीम शामिल थे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह एक सर्वव्यापी कवरेज है (इसमें कई संस्करण और वृद्धियां भी सम्मिलित थी।

## 46वें डिजिटल अप्पा का क्रियान्वयन

### कार्यक्रम की शुरुआत 1 जुलाई, 2020

इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का माननीय केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह द्वारा डिजिटल रूप से उद्घाटन किया गया। अपने भाषण में उन्होंने उल्लेख किया कि एपीपीपीए ने विभिन्न सेवाओं और सशस्त्र बलों के प्रतिभागियों को (एक दूसरे को जानने, समझने तथा पृष्ठभूमि, सीमाओं और एक दूसरे की कठिनाइयों को जानने और उनकी सराहना करने का अवसर प्रदान किया है। इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस विशिष्ट रूप से डिजाइन किए गए डिजिटल कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को अपने ज्ञान को अद्यतन करने और नागरिक-केंद्रित-सेवा-वितरण के सभी पहलुओं में सुधार के लिए आवश्यक गुणों को विकसित करने हेतु जीवन भर का अवसर प्रदान किया है।

## कार्यक्रम का संचालन

### ( जुलाई, 2020-अप्रैल, 2021 )

इस बैच में विभिन्न शैक्षणिक मॉड्यूल्स को कवर किया गया। ये मॉड्यूल्स चार व्यापक क्षेत्रों के गिर्द घूमते हुए 33 विभिन्न बहु-विषयक ज्ञान क्षेत्रों से संबंधित थे। सिद्धांत और अवधारणाओं पर एक बुनियादी मॉड्यूल था। नीति, प्रशासन और शासन पर एक विषय गत मॉड्यूल था। तीसरा मॉड्यूल शासन में गंभीर लचताओं पर था। हर एक विषय को मिश्रित मोड में पढ़ाया गया। भालोप्रस संकाय द्वारा रिकार्ड किए गए ''माय आई आई पी ए वीडियो' के साथ ही उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल का इस्तेमाल हुआ। भा.लो.प्र.सं. के परिसर में मौजूद ऑनलाइन तथा कुछ ऑनलाइन प्रतिभागियों के साथ लाइव चर्चा भी हुई।

### अ ) शैक्षणिक माडड्यूल्स

पांच महीने तक चले अप्पा के पूर्वार्ध भाग में अवधारणाओं और अनुप्रयोगों पर फोकस रहा। स्ट्रीम्स को शासन तथा अध्ययन के संबंधित क्षेत्रों में हालिया

विकास के मुद्दों की प्रासंगिकता के आधार पर निर्धारित किया गया था। इन स्ट्रीम्स को पुनः तीन भागों में विभाजित किया गया, जो निम्नलिखित हैं :

(अ.1) बुनियादी मॉड्यूल : सिद्धांत एवं अवधारणाएं

(अ.2) विषयगत मॉड्यूल : नीति, प्रशासन एवं शासन

(अ.3) लोकनीति मॉड्यूल : शासन में गंभीर लचताएं

**ब ) अनुभव के माध्यम से अधिगम**

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने एक दूसरे से संबंधित नौकरियों में दिलचस्प अनुभवों के साथ ही साथ विभिन्न स्थानों की यात्राओं के माध्यम से सीखा। इन यात्राओं/दौरों का उद्देश्य प्रतिभागियों को, उद्योग तथा चयनित ग्रामीण और शहरी केंद्रों/ सुविधाओं में मार्गदर्शित अध्ययन यात्राओं के माध्यम से विभिन्न विकासात्मक सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन और वितरण से संबंधित जमीनी हकीकत से अवगत कराना था। 46 वें अप्पा के दौरान इन का विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :

**ब.1 ) अनुभवजन्य प्रस्तुतीकरण :**

यह बहुत ही सार्थक और आनंद पूर्ण अभ्यास था। अनुभवात्मक प्रस्तुतियां प्रतिभागियों के बीच अनुभव और विशेषज्ञता के आपसी आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए थी। हर एक प्रतिभागी ने अपनी सेवा के दौरान कभी न कभी जिस विशिष्ट स्थिति का सामना किया था उस पर केंद्रित करते हुए अपनी प्रस्तुति तैयार की थी। ये प्रस्तुतियां आंतरिक प्रशासन या क्षेत्र की स्थितियों में नवाचारों, संगठनात्मक नेतृत्व में सर्वोत्तम परंपराओं या परियोजना नियोजन और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण शिक्षाओं को उजागर करने के लिए थी।

**ब.2 ) ग्रामीण क्षेत्र का अध्ययन :**

संदर्भ में ग्रामीण विकास एवं प्रशासन का अध्ययन करने के लिए, इस घटक का उद्देश्य प्रतिभागियों को ग्रामीण जीवन की सामाजिक एवं आर्थिक वास्तविकताओं के प्रति संवेदनशील बनाना था। प्रतिभागियों को भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे स्वच्छ भारत अभियान, जन धन योजना, पीएमजेएवाई, स्किल इंडिया आदि पर केंद्रित एक विषय आधारित अध्ययन सौंपा गया था। उनसे वितरण तंत्र की प्रभावशीलता की जांच करने और ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के प्रभाव का आकलन करने की उम्मीद की गई थी। प्रतिभागियों ने छोटे-छोटे समूहों में देश के विभिन्न भागों में चयनित ग्रामीण इलाकों का दौरा किया और ग्राम स्तर के पदाधिकारियों एवं पंचायत सदस्यों से बातचीत की। ये दौरे और बातचीत संकाय सदस्य के पूर्ण मार्गदर्शन में हुई। इन समूहों ने अपने इन दौरों की क्षेत्र अध्ययन रिपोर्ट साझा की। यह भविष्य के नीति संदर्भ के लिए उपयोगी थी। ग्रामीण क्षेत्र अध्ययन रिपोर्टों को बाद में भा.लो.प्र.सं. में प्रस्तुत किया गया। इस साल पंसारी नामक आदर्श गांव और तेजगढ़ नामक आदिवासी गांव की यात्रा की गई। पंसारी गुजरात के सबर कांता जिले में स्थित है और तेजगढ़ बड़ोदरा शहर से पूर्व में 90 कि.मी. की दूरी पर गुजरात के ही छोटा उदयपुर जिले में स्थित है।

**ब.3 ) शहरी क्षेत्र अध्ययन :**

स्मार्ट शहरों तथा भारत सरकार की अन्य प्रमुख शहरी विकास पहलों के विशेष संदर्भ में शहरी विकास एवं प्रशासन का अध्ययन करने के लिए यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में प्रतिभागियों को शहरी प्रशासन एवं प्रबंधन की समस्याओं को तथा उनका समाधान करने में आने वाली चुनौतियों को समझने का मौका मिला। प्रतिभागियों ने विभिन्न शहरी विकास योजनाओं तथा लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक दशाओं पर पड़ने वाले उनके असर के बारे में जाना। खासकर गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों पर। इस अध्ययन में नगर पालिका एवं अन्य विकास एजेंसियों के पदाधिकारियों के साथ बातचीत भी शामिल थी। ग्रामीण क्षेत्र अध्ययन की ही तरह इस समूह ने उन विशिष्ट शहरों/ कस्बों का दौरा किया जिन्हें विशिष्ट मुद्दों के आधार पर चुना गया था। ये चुनिंदा शहर/ कस्बे गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर, भुज और कच्छ जिलों के विभिन्न अंचलों में स्थित थे। शहरी अध्ययन रिपोर्टों को भी समूह द्वारा साझा किया गया। इन रिपोर्टों ने अच्छे नीति इनपुट के रूप में काम किया।

**अग्रिम क्षेत्र का दौरा :**

प्रतिभागियों को सीमावर्ती राज्यों और जिलों के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थित भारतीय सेना एवं स्थानीय सरकारों के प्रतिष्ठानों के साथ ही साथ अन्य संस्थानों के प्रतिष्ठानों की यात्राओं के माध्यम से जमीनी हकीकत से भी अवगत कराया गया। अग्रिम क्षेत्रों के दौरे के लिए प्रतिभागियों को सिक्किम तथा बंगाल के दार्जिलिंग जिले में ले जाया गया।

**स ) विशेष व्याख्यान/ वेबिनार :**

प्रतिभागियों को लोकप्रिय विषयों पर आयोजित वेबिनारों में प्रशासकों, विचारकों और प्रेरकों को सुनने और उनसे बातचीत करने का अवसर मिला। अप्पा टाउन हॉल चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षाविदों की मंडली के साथ नीति निर्माताओं को प्रासंगिक राष्ट्रीय लचताओं पर बहस करने तथा 'सचिव भाषण श्रृंखला' में वरिष्ठ नौकरशाहों के रणनीतिक परिप्रेक्ष्य को सुनने के लिए एक दूसरे के खिलाफ खड़ा किया गया था। सद्गुरु जग्गी वासुदेव द्वारा सुख सेहत के लिए 'आंतरिक इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी' विषय पर एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया।

**दीक्षांत समारोह**

46वें अप्पा के दीक्षांत समारोह का वेब एक्स वीडियो कान्फ्रेसिंग सुविधा का इस्तेमाल करते हुए वर्चुअल माध्यम के द्वारा 30 अप्रैल, 2021 को आयोजन किया गया। इसमें डीओपीटी के सचिव श्री दीपक खांडेकर ने सम्मानित मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की अध्यक्षता करने हेतु और पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार ने कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए अपनी-अपनी कृपा पूर्ण सहमति दे दी थी।

कार्यक्रम की शुरूआत में भा.लो.प्र.सं. के महानिदेशक श्री एस.एन. त्रिपाठी ने अपने विजन और कार्यक्रम की अमिट छाप को साझा किया। इस कार्यक्रम के निदेशकों की उन्होंने विशेष रूप से प्रशंसा की। इसके पश्चात कार्यक्रम की निदेर्शिका डॉ चारु मल्होत्रा ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। अपने मुख्य दीक्षांत भाषण में श्री दीपक खांडेकर ने देश में लोक प्रशासन के प्रतिमान को धार देने में भा.लो.प्र.सं. द्वारा उठाए गए महान कदमों और योगदान पर जोर दिया। इसी तरह से प्रो. राजकुमार ने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान शिक्षा क्षेत्र के सामने आने वाली अभूतपूर्व चुनौतियों को रेखांकित किया और यह बताया कि भा. लो.प्र.सं. ने 46वें अप्पा का सफलतापूर्वक संचालन करके इनसे कैसे निपटा। डिजिटल अप्पा की यह खूबसूरत गाथा इसके सह निदेशक डॉ पवन तनेजा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुई।

**अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम**

दीर्घकालिक अप्पा कार्यक्रम से अलग, संस्थान द्वारा वर्ष 2020-21 के दौरान 65 अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इनका ब्यौरा इस प्रकार है :

| पाठ्यक्रम | कार्यक्रमों की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| मंत्रालयों/विभागों द्वारा आयोजित | 11 | 301 |
| कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (अप्पा सहित) | 1 | 29 |
| राज्य सरकार | 1 | 25 |
| विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग | 6 | 174 |
| उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय | 35 | 7001 |
| शहरी विकास मंत्रालय | 3 | 73 |
| सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम | 1 | 14 |
| अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम | 3 | 94 |
| अन्य | 5 | 642 |
| **कुल योग** | **66** | **8353** |

इस प्रकार आयोजित पाठ्यक्रमों की कुल संख्या 66 थी। इसमें अप्पा भी शामिल है। वर्ष के दौरान कुल मिलाकर 8353 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 46वें अप्पा के प्रतिभागी भी शामिल हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण एफ-2 पर दिया गया है।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा भा.लो.प्र.सं. में इस अवधि के दौरान 45 ऑनलाइन वेबिनारों/स्मारक व्याख्यानों का भी आयोजन किया गया।

**सूचना प्रबंधन**

संस्थान अपने नियमित प्रकाशनों के माध्यम से लोक प्रशासन, शासन, नीति, और विकास से संबंधित सूचना, विश्लेषण, दृष्टिकोण और ज्ञान का प्रसार करता है। इन प्रकाशनों के नाम इस प्रकार हैं :

भालोप्रस के मासिक न्यूज़ लेटर के डिजिटल संस्करण, सेज प्रकाशन के सहयोग से भारतीय लोक प्रशासन पत्रिका आई जे पी ए के त्रैमासिक संस्करण, नगर लोक के त्रैमासिक संस्करण, लोक प्रशासन में प्रलेखन।

(डीपीए) के त्रैमासिक संस्करण, लोक प्रशासन (हिंदी) पत्रिका के अर्धवार्षिक संस्करण और भालोप्रस डाइजेस्ट के त्रैमासिक संस्करण।

आई.जे.पी.ए के अलावा सभी पत्रिकाओं के डिजिटल संस्करण भालोप्रस की वेबसाइट पर निःशुल्क उपलब्ध हैं। आई जे पी ए के सभी पिछले और मौजूदा संस्करण सेज /आई.जे.पी.ए की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। भारतीय लोक प्रशासन पत्रिका (आई.जे.पी.ए) नए यूजीसी केयर ग्रुप 1 के तहत सूचीबद्ध है।

**प्रकाशन**

प्रकाशन अनुभाग द्वारा वर्ष 2020-21 में निम्नलिखित साहित्य का प्रकाशन किया गया :

1. भारतीय लोक प्रशासन पत्रिका (आई जे पी ए) के चार संस्करण
2. लोक प्रशासन (हिंदी) के दो संस्करण
3. नगर लोक के चार संस्करण
4. लोक प्रशासन में प्रलेखन (डीपीए) के चार संस्करण
5. भा.लो.प्र.सं. डाइजेस्ट के चार संस्करण
6. भा.लो.प्र.सं. के डिजिटल न्यूज़लेटर के बारह प्रकाशन

भा.लो.प्र.सं. द्वारा पिछले वर्ष एजीएम 2020-21 के दौरान निम्नलिखित साहित्य प्रकाशित और जारी किया गया :

1. श्री टी. एन. चतुर्वेदी स्मारक (अनुसंधान एवं मूल्यांकन)
2. डॉ यू. सी. अग्रवाल स्मारक (लेख एवं पत्र)
3. प्रो. सी. शीला रेड्डी द्वारा डॉ बी आर अंबेडकर्ज फिलॉसफी ऑ कांस्टीट्यूशनलिज्म ऐज एन इंस्ट्रूमेंट ऑफ जस्टिस, सोशल एंड पुलटिकल
4. पांचवां राकेश हूजा स्मारक व्याख्यान, प्रो. सी. शीला रेड्डी एवं श्रीमती मीनाक्षी हूजा द्वारा संपादित

**इस सप्ताह भा.लो.प्र.स. समाचार का शुभारंभ**

इस सप्ताह भा.लो.प्र.सं. द्वारा दृश्य श्रव्य समाचारों के समाचार खंड का शुभारंभ किया गया है। इसमें भा.लो.प्र.सं. एवं उसकी शाखाओं के संस्थागत समाचारों के साथ-साथ सरकार की नई योजनाओं और नीतियों से संबंधित जानकारी मौजूद रहती है। सरकारी योजनाओं और भा.लो.प्र.सं. की गतिविधियों के प्रचार प्रसार के लिए इस हफ्ते भा.लो.प्र.सं. की खबरों के चार विडियो यू ट्यूब पर अपलोड किए गए हैं ।

ये विडियो निम्नलिखित विषयों पर थे :

1. मिशन कर्म योगी
2. गरीब कल्याण रोजगार योजना
3. पढ़ना लिखना अभियान
4. सरकारी भर्ती हेतु राष्ट्रीय भर्ती अभिकरण

**पुस्तकालय**

समीक्षाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित गतिविधियां की गईं :

### संग्रह विकास

वर्ष 2020-21 के दौरान पुस्तकालय के भंडार में 1910 पुस्तकें और 499 जिल्द बंद पत्रिकाओं को जोड़ा गया। इनमें से 101 पुस्तकें खरीदी गईं और 1809 पुस्तकें निशुल्क प्राप्त हुईं। लगभग 85 दस्तावेज सार्वजनिक दस्तावेज अनुभाग में जोड़े गए। 31 मार्च 2021 को पुस्तकालय के पास 2.28 लाख किताबें एवं जिल्द बंद पत्रिकाएं मौजूद हैं। इस वर्ष के दौरान पुस्तकालय ने 99 वर्तमान पत्रिकाओं एवं 21 समाचार पत्रों की सदस्यता ली और 132 पत्रिकाएं 'निःशुल्क एवं विनिमय' के आधार पर प्राप्त की।

### टी. एन. चतुर्वेदी संग्रह

पुस्तकालय को स्व. श्री. टी. एन. चतुर्वेदी के परिवार के सदस्यों से तकरीबन 27 सौ पुस्तकें मानार्थ अनुपूरक आधार पर प्राप्त हई हैं। पुस्तकालय ने इन पुस्तकों को प्र-संस्कृत एवं संसाधित किया है और पुस्तकालय के संदर्भ क्षेत्र में अलग से एक ''टी. एन. चतुर्वेदी संग्रह'' बनाया है।

## ऑनलाइन सेवाएं

### सब्सक्राइब्ड ऑनलाइन डेटा बेस

भालोप्रस की वेबसाइट के जरिए 21 से भी ज्यादा पत्रिकाओं तक ऑनलाइन पहुंच की सुविधा दी जा रहीं है। इन पत्रिकाओं में हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू, इकॉनामिस्ट, टाइम और इकॉनामिक एंड पुलिटिकल वीकली आदि शामिल हैं। इसके अलावा पुस्तकालय ने ए बी आई इनफॉर्म की सदस्यता जारी रखी है। इससे करीब 4000 शीर्षकों तक पहुंच की सुविधा मिलती रही। इनमें से 3000 शीर्षक अपने पूर्ण पाठ में हैं। इसके अलावा यह डेटाबेस तकरीबन 25000 से भी अधिक शोध निबंधों तक पहुंच की सुविधा देता है। पुस्तकालय ने जेएसटी ओर की सदस्यता जारी रखी है। यह लाभ न कमाने वाला संगठन है। यह संगठन विद्वानों के समुदाय को एक विश्वसनीय डिजिटल संग्रह में बौद्धिक सामग्री की एक श्रृंखला को खोजने, उपयोग करने और बनाने में मदद करने के लिए समर्पित है। यह तकरीबन 2700 शैक्षणिक पत्रिकाओं के संपूर्ण पाठ की खोज प्रदान करता है।

### आंतरिक पुस्तकालय ऑनलाइन डेटाबेस

कंप्यूटरीकृत पुस्तकालय डेटाबेस में पुस्तकों और रिपोर्टों से संबंधित 1.38 लाख रिकॉर्ड्स और आवधिक लेखों से संबंधित 1.23 लाख रिकॉर्ड्स मौजूद हैं।

इन सभी ऑनलाइन पत्रिकाओं और डेटाबेस को रिमोट एक्स सॉफ्टवेयर के माध्यम से दुनियाभर में 24×7 एक्सेस किया जा सकता है।

### डिजिटल ज्ञान भंडार :

पुस्तकालय ने संस्थान के अनुसंधान आउटपुट और प्रकाशित संसाधनों को प्रदर्शित करते हुए डिजिटल ज्ञान भंडार (डीकेआर) बनाया है। संस्थान की बौद्धिक पूंजी, अनुसंधान आउटपुट और प्रकाशित संसाधनों को सुगम्य में बनाने में जीकेआर अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसका उद्देश्य संस्थान की शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधि से उत्पन्न बौद्धिक कार्यों को संग्रहित और संरक्षित करना है जिससे कि इसे खुली पहुंच के माध्यम से इसमें प्रसारित किया जा सके।

संसाधनों को विभिन्न प्रकारों के लिए बनाए गए समुदायों के रूप में दर्शाया जाता है (जैसे कि वार्षिक आम सभा की बैठक, अध्यक्षीय संबोधन, संकाय प्रकाशन, दुर्लभ पुस्तकें, वार्षिक रिपोर्ट, विशेष रिपोर्ट, विषय गत पेपर, वर्किंग पेपर और इसी तरह के अन्य। इनमें ए पी पी पी ए के प्रतिभागियों द्वारा अपनी एम फिल डिग्री के लिए लिखे गए शोध प्रबंध (थीसिस) और शोध निबंध भी शामिल हैं। भंडार में अब तक 3379 दस्तावेज अपलोड किए जा चुके हैं। इनमें सत्र 2008-09 से 2019-20 तक के 10 सर्वोत्तम अप्पा के शोध निबंधों का पूर्ण पाठ भी शामिल है। अप्पा व्याख्यानों को भी इस भंडार में अपलोड किया गया है। इनमें 34 मॉड्यूल शामिल हैं। इन मॉड्यूलों में वीडियो, पीपीटी, प्रश्नोत्तरी और पठन सामग्री शामिल है।

## पुस्तकालय सेवाएं :

पुस्तकालय द्वारा 31 मार्च 2021 तक 1202 दस्तावेज उधार दिए गए और दस्तावेजों के 1120 खंड वापस प्राप्त किए गए थे। कंप्यूटरीकृत डेटाबेस में पुस्तकों

और रिपोर्टों से संबंधित 1.38 लाख और आवधिक लेखों से संबंधित 1.23 लाख रिकॉर्ड्स मौजूद हैं। पुस्तकालय का उपयोग 3166 उपयोगकर्ताओं ने किया। इनमें संस्थान के संकाय सदस्य, भा.लो.प्र.सं. सदस्य और लोक प्रशासन में उन्नत व्यावसायिक कार्यक्रम सहित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागी शामिल हैं। इसके अलावा तकरीबन 1670 वास्तविक शोधकर्ताओं ने शुल्क आधारित परामर्श कार्यक्रम के तहत पुस्तकालय के संसाधनों का इस्तेमाल किया। पुस्तकालय ने सदस्यों को फोटोकॉपी एवं इंटरनेट की सुविधा देना जारी रखा। वर्ष के दौरान 14885 पृष्ठों की फोटो कॉपी उपलब्ध करवाई गई तथा उपयोगकर्ताओं को ग्रंथ सूची सेवाएं प्रदान की गईं।

## मूल्य संवर्धित सेवाएं

पुस्तकालय वर्तमान जागरूकता, अनुक्रमण और सार सेवाओं की सुविधा प्रदान करता है। पुस्तकालय नियमित रूप से आने वाली पुस्तकों की अग्रिम सूचना जारी करता है। ये अग्रिम सूचनाएं संस्करणों की वार्षिक सूची, साप्ताहिक समाचार अलर्ट और वर्तमान विषयों से संबंधित नए शीर्षकों के बारे में होती हैं।

इन अलर्ट्स का उद्देश्य है – पाठकों को सन्निकट भविष्य में प्रकाशित होने वाले दस्तावेजों और अधुनातन सूचना से वाकिफ रखना। अनुक्रमण एवं सार लेखन की त्रैमासिक पत्रिका ''लोक प्रशासन में दस्तावेज लेखन'' (डीआईपीए) शीर्षक से प्रकाशित की जा रही है। इसमें आवधिक लेखों का अनुक्रमण, सार-सारांश, पुस्तक समीक्षा एवं पुस्तक नोट्स शामिल होते हैं। वर्ष के दौरान 2040 आवधिक लेख, 125 पुस्तक समीक्षाएं और 69 बुक नोट्स डीआईपीए में जोड़े गए। वर्ष 2020 के लिए डीआईपीए के सभी चारों संस्करण निश्चित समय पर प्रकाशित हुए थे। इसके अलावा पुस्तकालय अपने सदस्यों और विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रतिभागियों को ग्रंथसूची सेवाएं प्रदान करता है।

## राष्ट्रीय पुस्तकालय नेटवर्क में भागीदारी

संस्थान का पुस्तकालय विकासशील पुस्तकालय नेटवर्क (डेलनेट) का सक्रिय सदस्य है और अंतर पुस्तकालय ऋण, ग्रंथ सूची के संकलन और साहित्य खोज के लिए, नेटवर्क की सुविधाओं का काफी उपयोग कर रहा है। इस नेटवर्क प्रयास के भाग के रूप में भा.लो.प्र.सं. पुस्तकालय अन्य सहयोगी नेटवर्क सदस्यों के लिए अपने समृद्ध संसाधनों के उपयोग में भी पारस्परिक सहयोग कर रहा है। वर्ष के दौरान भालोप्रस पुस्तकालय में उपयोगकर्ताओं के लिए अंतर पुस्तकालय ऋण पर 27 दस्तावेज उधार लिए गए थे और 97 दस्तावेज अन्य पुस्तकालयों द्वारा (डेलनेट) सुविधा के माध्यम से उधार लिए गए थे। हमारी पारस्परिक कुशल सेवाओं के एक भाग के रूप में भा.लो.प्र.सं. पुस्तकालय को 7000 पुस्तकालयों में से सर्वोत्तम पुस्तकालय के रूप में चुना गया है और डेलनेट द्वारा प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है।

### भा.लो.प्र.सं. पुस्तकालय के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण एवं उन्नयन

i) पुस्तकालय सदस्यों के इस्तेमाल के लिए पुस्तकालय परिसर के अंदर वाई फाई सुविधाएं प्रदान करना जारी है।

ii) संसाधनों की खोज हेतु उपयोगकर्ताओं के इस्तेमाल के लिए पुस्तकालय के संदर्भ एवं परिसंचरण क्षेत्र में भूतल पर दो नए संगणक उपलब्ध करवाए गए हैं।

# संघ की गतिविधियां

## आम सभा की 66वीं वार्षिक बैठक

संस्थान की आम सभा की 66वीं बैठक शनिवार, 31 अक्टूबर, 2020 को अपराह्न 4:00 बजे आयोजित की गई । भा.लो.प्र.सं. के अध्यक्ष व भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडू ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की तथा भा.लो.प्र.सं. कार्यकारी परिषद के सभापति एवं डीओपीटी के माननीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने आम सभा की बैठक के द्वितीय सत्र की अध्यक्षता की। भा.लो.प्र.सं. के अध्यक्ष एवं भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडू ने वीडियो कान्फेसिंग के माध्यम से एजीएम की अध्यक्षता की। उन्होंने सेवा प्रदान करने

में, न्याय देने में और सामान्य जन की जरूरतों के प्रति सरकारी मशीनरी के प्रत्युत्तर देने के तौर तरीकों में परिवर्तन लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''यही वह परिवर्तन है जिसकी ओर आज का भारत टकटकी लगाए देख रहा है।'' उन्होंने राय व्यक्त की कि लोक प्रशासन का प्रमुख संस्थान होने के कारण भा.लो.प्र.सं. को यह परिवर्तन लाने में निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि भालोप्रस ने महामारी के दौरान भी डिजिटल बुनियादी संरचना का निर्माण करके अपनी गतिविधियों को जारी रखा है। उन्होंने भा.लो.प्र.सं. द्वारा नई वेबसाइट का शुभारंभ किए जाने की भी प्रशंसा की। श्री नायडू ने भा.लो.प्र.सं. के पुस्तकालय में भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार श्री वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण किया। महानिदेशक एवं अधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि मूर्ति सभी को प्रेरणा प्रदान करती रहेगी।

वर्तमान और उभरती हुई चुनौतियों के आलोक में भा.लो.प्र.सं. की कार्यकारी परिषद द्वारा इसे पुनः स्थापित करने के लिए शुरू किए गए कदमों को संज्ञान में लेते हुए श्री नायडू ने कहा, ''हमें संस्थागत सुधारों के लिए ठोस रणनीति के साथ आना होगा और देश में शासन सुधारों की नई लहर को उत्प्रेरित करने के लिए भा.लो.प्र.सं. को एक उपयुक्त संगठन बनाना होगा।'' उन्होंने कार्यकारी परिषद को छोटा, कुशल, लागत प्रभावी और अधिक प्रतिनिधिक बनाने के लिए भा.लो.प्र.स. के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन एंड रूल्स में किए गए संशोधनों एवं बदलावों की सराहना की। उन्होंने भा.लो.प्र.सं. के सभापति के रूप में प्रभार ग्रहण करने के लिए केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि उनका अनुभव एवं क्षमता भा.लो.प्र.सं. के कद को और अधिक बढ़ाएगी। उन्होंने भा.लो.प्र.सं. के पूर्व सभापति श्री. टी. एन. चतुर्वेदी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए, जिनका जनवरी 2020 में निधन हो गया था।

भा.लो.प्र.सं. के सभापति डॉ जितेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में उल्लेख किया कि पिछले पाँच वर्षों में सरकार द्वारा कई सुधार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने सिविल सेवाओं को स्टील फ्रेम के रूप में परिभाषित किया है। मिशन कर्म योगी भारत की प्राथमिकताओं और राष्ट्र की आवश्यकताओं के आधार पर हमारी सेवाओं को समय-समय पर पुनः स्थापित करने के लिए जीते हैं। वास्तव में मिशन कर्म योगी ''नियम के अभ्यास से भूमिका के अभ्यास'' में स्थानांतरण करने का एक प्रयास है ताकि जनसेवक द्वारा ली गई किसी भी नौकरी में क्षमता निर्माण का प्रावधान हो और वह भी आधुनिकतम तकनीकी तरीकों -ऑनलाइन तथा ऐप्स के माध्यम से।

उन्होंने भा.लो.प्र.सं. के कामकाज में बड़ा डिजिटल बदलाव करने के लिए महानिदेशक और उनकी टीम की सराहना की। आज ऑनलाइन तंत्र के बिना किसी व्यवधान के कार्य कर रहा है। इसका प्रमाण कोविड-19 के दौरान उस समय मिला जब संस्थान का शो तब भी चला जब अन्य संगठनों के अधीन चलने वाली सभी गतिविधियां बुरी तरह बाधित हो गई थी। वह इसके साक्षी स्वयं बने क्योंकि भालोप्रस द्वारा आयोजित अप्पा पाठ्यक्रम का डिजिटल उद्घाटन इस साल 1 जुलाई को उन्हीं के द्वारा उस समय किया गया था जब कोविड-जनित यह तबाही अपने चरम पर थी। इसी तरह भा.लो.प्र.सं. द्वारा बड़ी संख्या में शोध अध्ययन और अन्य पाठ्यक्रम संचालित किए गए हैं।

भा.लो.प्र.सं. के महानिदेशक श्री सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने अपने उद्घाटन भाषण में संस्थान की उन उपलब्धियों और ताकतों के बारे में संक्षेप में बताया जिनके लिए भा.लो.प्र.सं. के कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत की है। इस कोविड-19 के होते हुए भी भा.लो.प्र.सं. आगे बढ़ता रहा है और इसकी नियमित गतिविधियां सामान्य स्थिति में लौट रही हैं। भा.लो.प्र.सं. ने संपूर्ण आवश्यक डिजिटल अवसंरचना तैयार की है और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए डिजिटल सामग्री तैयार की है। यह विभिन्न विभागों के साथ ही साथ वेबिनारों के लिए भी नियमित रूप से ऑनलाइन प्रशिक्षण कर रहा है। भा.लो.प्र.सं. का संकाय महामारी के दौरान भी अनुसंधान एवं मूल्यांकन अध्ययन कर रहा है। भा.लो.प्र.सं. के कुलसचिव/ रजिस्ट्रार श्री अमिताभ रंजन ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## सदस्यों का 64 वां वार्षिक सम्मेलन

संस्थान के सदस्यों का 64 वां वार्षिक सम्मेलन ऑनलाइन/ वर्चुअल माध्यम से 2 नवंबर, 2020 को पूर्वाह्न 10:00 बजे आयोजित किया गया।

## सम्मेलन का विषय था- महामारियों का प्रबंधन

डॉ सचिन चौधरी ने विषय पत्र प्रस्तुत किया। इसमें उन्होंने महामारियों के प्रबंधन की अवधारणा पर प्रकाश डाला। अपने स्वागत भाषण में भा.लो.प्र.सं. के महानिदेशक श्री एस. एन. त्रिपाठी ने थीम के महत्व पर प्रकाश डाला। आंचलिक एवं स्थानीय शाखाओं के प्रतिनिधियों ने विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। चर्चा के अलावा सम्मेलन के दौरान विषय पर, पत्र भी प्रस्तुत किए गए। वार्षिक सम्मेलन के आयोजन से पहले आंचलिक और स्थानीय शाखाओं द्वारा थीम के मुख्य विषय पर अपने अपने मुख्यालय पर प्रस्तावना सम्मेलनों/गोष्ठियों का आयोजन किया गया। आंचलिक और स्थानीय शाखाओं द्वारा आयोजित सम्मेलनों/गोष्ठियों की सिफारिशों और टिप्पणियों को इस सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया।

## कार्यकारी परिषद

### कार्यकारी परिषद की बैठकें

वर्ष के दौरान 16 सितंबर, 2020 तथा 21 अक्टूबर, 2020 को कार्यकारी परिषद की दो बैठकें आयोजित की गईं।

## मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन एंड रूल्स में संशोधन

आम सभा ने 31 अक्टूबर 2020 को अपराह्न 4:00 बजे आयोजित अपनी वार्षिक बैठक में मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन एंड रूल्स में प्रस्तावित संशोधनों का अनुमोदन किया। इन संशोधनों का समय से सदस्यों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इनमें निम्नलिखित अनुपूरक संकल्प भी शामिल थे :

- चुनाव सहित अध्यक्ष की भूमिका को बढ़ाने के लिए नियम आठ में संशोधन किया जा रहा है।
- भा.लो.प्र.सं. की कार्यकारी परिषद के सभापति की भूमिका को बढ़ाने हेतु इसे 'पदेन' करने के लिए नियमों में संशोधन किया जा रहा है।
- कार्यकारी परिषद के नियम 13 (1) को 16 सदस्यों के लिए युद्धिसंगत बनाया जा रहा है।
- उपरोक्त के अलावा नियम 13 (2)- ई सी बैठक; 13 (3)-कोरम; नियम 17 (2) viii - ई सी की शक्ति; नियम 21- आमसभा की विशेष बैठक; नियम 22-एजीएम की बैठक; नियम 36 (1) - एम ओ ए को संशोधित करने की शक्ति; और निदेशक को महानिदेशक करने से संबंधित नियम को संशोधित किया गया।
- इसके अलावा कुछ नियम/खंड हटा दिए गए थे। अर्थात नियम 19 (अ),10,10 (अ),11,14,15,18 (अ) और (ब) तथा 30 (2)। इन नियमों उपखंडों का संबंध स्थायी समिति, शैक्षणिक समिति, चुनावों तथा बहुत-सी दूसरी बातों से था। प्रासंगिक खंडों में 'निदेशक' को 'महानिदेशक' से स्थानापन्न किया जाएगा।
- यह भी अनुमोदित किया गया कि नियमों को पुन: नई संख्या दी जाए। वाक्यों की व्याकरणिक त्रुटियां ठीक की जाएं; पर इससे संशोधनों की मूल भावना अक्षुण्ण रहे। इसके अलावा अन्य आवश्यक कार्यवाहियां की जाएं।

कार्यकारी परिषद को छोटा, लागत प्रभावी और आंचलिक प्रतिनिधित्व युक्त बनाए रखने के साथ ही कुशल बनाने के लिए नियमों में संशोधन आवश्यक थे। नए नियम 21 वह सदी की बदलती हुई दुनिया में भा.लो.प्र.सं. को नई दिशा देने और मजबूत करने में मदद करेंगे।

## सदस्यता

वर्ष के दौरान 215 आजीवन सदस्यों, 37 एसोसिएट सदस्यों और 14 विद्यार्थी सदस्यों को शामिल किया गया। जिन पर सदस्यता शुल्क का एरियर बकाया था, ऐसे 13 वार्षिक सदस्यों और दो कार्पोरेट सदस्यों के नाम, संस्थान के नियम संख्या 35 (1) के अंतर्गत सदस्यता पंजिकाओं से काट दिए गए। वर्ष के दौरान 22 आजीवन सदस्यों का निधन हो गया।

सदस्यता का श्रेणी वार विवरण सारणी-बद्ध रूप में तालिका क्रमांक 1 में दिया गया है।

### पॉल एच एप्पलबाई अवार्ड से सम्मानित भा.लो.प्र.सं. के विशिष्ट सदस्य

निम्नलिखित सदस्यों को

भा.लो.प्र.सं. तथा लोक प्रशासन के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाएं देने के लिए एजीएम में पॉल एच एप्पल बाई पुरस्कार से नवाजा गया :

1. श्री ईश्वर चंद्र द्विवेदी, भा.पु.से. (अवकाश प्राप्त)
2. प्रो के मुनि रत्नम् नायडू
3. श्री शरत् चंद्र मिश्र, भा.पु.से. (अवकाश प्राप्त)
4. श्री बी एन मखीजा भा.प्र.से. (अवकाश प्राप्त)

### भारतीय लोक प्रशासन पत्रिका (आईजेपीए) में सर्वोत्तम लेख के लिए वर्ष 2019 का श्री टी. एन. चतुर्वेदी पुरस्कार

आईजेपीए में प्रकाशित सर्वोत्तम लेख के लिए वर्ष 2019 का श्री टी एन चतुर्वेदी पुरस्कार, सुश्री अभिलाषा बहुगुणा और श्री जी प्रसन्ना रामास्वामी को उनके लेख 'हाइलैंड टू हाई फैशन: द डिवेलपमेंट ऑफ अ विमिन कोऑपरेटिव इन लद्दाख' के लिए प्रदान किया गया।

### लोक सेवा में उत्कृष्टता के लिए श्री टीएन चतुर्वेदी पुरस्कार

भा.लो.प्र.सं. एवं भा.लो.प्र.सं. पूर्व छात्र संघ के सहयोग से लोक सेवा में उत्कृष्टता के लिए श्री टी. एन. चतुर्वेदी पुरस्कार की स्थापना की है। इस पुरस्कार में एक लाख रुपए नकद, प्रशस्ति पत्र और पट्टिका प्रदान की जाती है। इस वर्ष यह पुरस्कार विकासशील पुस्तकालय नेटवर्क (डेलनेट) को प्रदान किया गया।

### श्री टी. एन. चतुर्वेदी स्मारक प्रमाण पत्र

वर्ष 2019-20 में किसी भा.लो.प्र.सं. संकाय के द्वारा अधिकतम शोध अध्ययन पूरे करने के लिए भा.लो.प्र.सं. के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ साकेत बिहारी को श्री टी. एन. चतुर्वेदी स्मारक प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इसमें एक प्रमाण पत्र और पांच हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

### डॉ यू. सी. अग्रवाल स्मारक प्रमाण पत्र

वर्ष 2019-20 में किसी भा.लो.प्र.सं. कर्मी द्वारा सर्वाधिक लेख लिखने के लिए भा.लो.प्र.सं. की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ चारू मल्होत्रा को डॉ यू. सी. अग्रवाल स्मारक प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। इसमें एक प्रमाण पत्र और पांच हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

**सारणी 1**

| | वार्षिक सदस्य | आजीवन सदस्य | एसोसिएट सदस्य | विद्यार्थी सदस्य | कॉर्पोरेट सदस्य (वार्षिक) | कॉर्पोरेट सदस्य (20 वर्ष) | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. 31.03.20 को सदस्यता | 33 | 10642 | 143 | 07 | 06 | 63 | 10894 |
| 2. 2020-21 के दौरान भर्ती सदस्य | -- | 215 | 37 | 14 | .. | .. | |
| 3. 2020-21 के दौरान रूपांतरण | -- | -- | -(54) | .. | .. | .. | |
| 4. 2020-21 में हटाए गए सदस्य | -(13) | -- | .. | .. | .. | -(02) | |
| 5. 2020-21 में मृत सदस्य | -- | -(22) | .. | .. | .. | .. | |
| 31.03.2021 को कुल सदस्यता | 20 | 10835 | 126 | 21 | 06 | 61 | 11069 |

## भा.लो.प्र.सं. की शाखाओं को पुरस्कार

भा.लो.प्र.सं. के अध्यक्ष ने इच्छा व्यक्त की थी कि 24 आंचलिक और 43 स्थानीय शाखाओं के साथ बेहतर नेटवर्क स्थापित करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए पुरस्कृत किया जाए। इस क्रम में सबसे पहला पुरस्कार वर्ष 2019 में सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन हेतु पुड्डुच्चेरी स्थानीय शाखा को प्रदान किया गया। इसमें शाखा को एक प्रमाण पत्र और दस हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है। जम्मू और कश्मीर तथा बिहार की आंचलिक शाखाओं को सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन में क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया है।

### आंचलिक और स्थानीय शाखाएं तथा सदस्यों की गतिविधियां

31 मार्च, 2021 को संस्थान की आंचलिक एवं स्थानीय शाखाओं की संख्या क्रमशः 24 और 43 है। आंचलिक एवं स्थानीय शाखाओं तथा उनके पदाधिकारियों के नाम, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान उनके द्वारा की गई गतिविधियां और उनसे संबंधित सदस्यों की संख्या को अनुलग्नक च-3 में दर्शाया गया है।

शाखाओं की बहुत-सी गतिविधियों को भा.लो.प्र.सं. के मासिक पत्र में भी छापा गया है।

आंचलिक एवं स्थानीय शाखाओं के सभापतियों की एक बैठक 31 अक्टूबर 2020 को ऑनलाइन/ वर्चुअल तरीके से आयोजित की गई थी। इसकी अध्यक्षता संस्थान के महानिदेशक श्री सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने की। बैठक में शाखाओं के विकास तथा भालोप्रस की गतिविधियों को मजबूती प्रदान करने से संबंधित बहुत सारे मुद्दों पर चर्चा हई। इस बैठक में निम्नलिखित आंचलिक एवं स्थानीय शाखाओं का प्रतिनिधित्व रहा :

### आंचलिक शाखाएं

दिल्ली, हरियाणा ,जम्मू व कश्मीर, केरल, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, ओडिशा, राजस्थान तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल।

### स्थानीय शाखाएं

बर्दवान, धारवाड़, गुलबर्गा, करीम नगर पाटलिपुत्र, पुदुच्चेरी, पुणे और तिरुपति ।

बैठक में आंचलिक शाखाओं से संबद्ध संकाय सदस्यों ने भी शिरकत की। आंचलिक शाखाओं से संबद्ध संकाय सदस्यों की सूची अनुलग्नक च-7 में दी गई है।

वर्ष के दौरान शाखाओं को अपने कार्यक्रम एवं गतिविधियां चलाने के लिए 753013/- रुपए की धनराशि वित्तीय सहायता के रूप में दी गई।

इसमें आजीवन सदस्यता पूंजी निधि में जमा रकम पर मिलने वाले ब्याज का 50 प्रतिशत हिस्सा भी शामिल है। संस्थान ने वित्त वर्ष के दौरान आंचलिक शाखा को 30000/-रुपए तथा स्थानीय शाखा को 15000/- रुपए की वित्तीय सहायता संगोष्ठी/सम्मेलन/पूर्व गोष्ठी आदि आयोजित करने के लिए प्रदान की बशर्ते वह शाखा -

अ) नियमित चुनाव करवाती हो

ब) नियमित रूप से लेखा परीक्षित खाते प्रस्तुत करती हो

स) अपनी गतिविधियों की रिपोर्ट जमा करवाती हो

इसके अलावा ब्याज के 50 प्रतिशत हिस्से और वार्षिक सदस्यता शुल्क के 50 प्रतिशत हिस्से का भी शाखाओं को भुगतान किया जाता है। वर्ष 2020-21 के दौरान शाखाओं को दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा अनुलग्नक च-6 में दिया गया है।

वार्षिक आम सभा की बैठक और सदस्यों का वार्षिक सम्मेलन भी सदस्योन्मुख गतिविधियां हैं। इनके लिए सभी शाखाओं के साथ ही साथ भा.लो.प्र.सं. के समाचार पत्र में प्रकाशन के लिए विषय पत्र भेजा जाता है।

## भा.लो.प्र.सं. की शाखाओं द्वारा आयोजित वेबिनार

### दूरगामी पहुंच वाली गतिविधियां

### निबंध प्रतियोगिता

वार्षिक निबंध पुरस्कार प्रतियोगिता 2020 के लिए निम्नलिखित विषय निर्धारित किए गए :

| क्र. संख्या | शाखा | शीर्षक | संकाय समन्वयक | दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | असम | सामाजिक वानिक : आत्मनिर्भर होने का तरीका | डॉ. श्यामली सिंह | 13, जनवरी, 2021 |
| 2. | बिहार | राष्ट्रीय विरासत शहर विकास एवं वृद्धि योजना | डॉ. नुपुर तिवारी | 27, जनवरी, 2021 |
| 3. | दिल्ली | पुनरुज्जीवन एवं शहरी रूपांतरण हेतु अटल मिशन (एएमआरयूटी) | प्रो. सुरेश मिश्रा | 10, फरवरी, 2021 |
| 4. | गुजरात | अटल पेंशन योजना | प्रो. अशोक विशनदास | 24, फरवरी, 2021 |
| 5. | हरियाणा | बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ | डॉ. नीतू जैन | 10, मार्च, 2021 |
| 6. | हिमाचल प्रदेश | प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) | डॉ. साकेत बिहारी | 24, मार्च, 2021 |

- कोविड-19 सार्वजनिक स्वास्थ्य-तंत्र
- पलायन एवं रोजगार सृजन
- एक राष्ट्र एक राशन कार्ड- पीडीएस सुधार

प्राप्त हुए कुल 16 निबंधों में से 11 अंग्रेजी में थे और 5 हिंदी में। इनका मूल्यांकन निर्णायकों की एक समिति द्वारा किया गया। इस समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल थे :

प्रो. सुरेश मिश्रा

प्रो. सी शीला रेड्डी

प्रो. अशोक विशनदास

डॉ. गदाधर मोहापात्र

डॉ. पवन कुमार तनेजा

डॉ. ममता पठानिया

10000/-रुपए का प्रथम पुरस्कार नई दिल्ली के डॉ विवेक दीक्षित को उनकी प्रविष्टि 'कोविड-19 और सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र' के लिए प्रदान किया गया। 7000/-रुपए का द्वितीय पुरस्कार कर्मवीर विद्यापीठ, आनंद नगर, खंडवा, मध्य प्रदेश के श्री संदीप भाट को उनके निबंध 'एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड- पीडीएस सुधार' के लिए दिया गया और 5000/-रुपए का तृतीय पुरस्कार दिल्ली के श्री हरीश कुमार को उनके निबंध 'पलायन और रोजगार सृजन' पर मिला।

## केस अध्ययन कार्यक्रम

संस्थान उच्च गुणवत्ता की ऐसी केस स्टडी को बढ़ावा देने के लिए वार्षिक केस स्टडी पुरस्कार प्रतियोगिता आयोजित करता है (जिसका उपयोग प्रारूप अधिगम को शिक्षण/ प्रशिक्षण के माध्यम से या स्वयं सीखने हेतु किया जा सके। वर्ष 2020-21 के लिए सभी चारों केस स्टडीज का विशेषज्ञों के पैनल द्वारा मूल्यांकन किया गया। सभी केस स्टडीज अंग्रेजी में थे। पुरस्कार वितरण 31 अक्टूबर, 2020 को आयोजित वार्षिक आम सभा की बैठक में वर्चुअल तरीके से हुआ। पैनल को 10000/- के प्रथम पुरस्कार हेतु कोई उपयुक्त केस स्टडी नही मिली। सिर्फ द्वितीय पुरस्कार सुश्री कंचन गुप्ता और सुश्री स्मिता निमसरकर को उनकी प्रविष्टि 'नैना टाउन प्लैलनग स्कीम्स - लैंड ओनर्स मीट इन कोविड-19 एंड पोस्ट कोविड टाइम्स'' के लिए संयुक्त रूप से दिया गया।

## ढांचागत सुधार

भा.लो.प्र.स. ऐसा अग्रणी संस्थान है जिसके परिसर में उसका खुद का छात्रावास भवन है। इसमें अप्पा सहित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों, बाहरी सदस्यों, अतिथियों, सरकारी विभागों और शैक्षिक संस्थानों के वास्तविक शोधकर्ताओं एवं अधिकारियों को बोर्डिंग और लॉजिंग की सुविधा प्रदान की जाती है। छात्रावास के अंदर 89 कमरे और 8 अप्पा पारिवारिक सुईट हैं।

छात्रावास के सभी कमरे वातानुकूलित हैं। इनमें संलग्न स्नानागार हैं। प्रसाधन एवं केबल टीवी हैं। छात्रावास को लकड़ी के पैनलिंग से पुनर्निर्मित किया गया है।

### संस्थान की वित्त व्यवस्था

जैसा कि प्राप्ति एवं भुगतान खातों (अनुसूची-ए) में दर्शाया गया है (वर्ष 2020-21 के दौरान संस्थान की आय 33.03 करोड़ रुपए थी जबकि व्यय 33.01 करोड़ रुपए था। 33.03 करोड़ रुपए की कुल आय में से संस्थान को 28 करोड़ रुपए का अनुदान/वेतन/सामान्य/पूंजी सरकार से प्राप्त हुआ है।

इस प्रकार पिछले वर्ष से आगे लाए गए 7.33 लाख रुपए की संचयी कमी को समायोजित करने के बाद वर्ज़ के अंत में अनुसूची- ए के अनुसार संचयी कमी 5.54 लाख रुपए है।

वर्ष के दौरान आंतरिक संसाधनों से प्राप्त कुल आय 5.04 करोड़ रुपए थी जबकि यह पिछले वर्ष में 24.86 करोड़ रुपए थी। 5.04 करोड़ रुपए की प्राप्तियों में मुख्य रूप से निम्नलिखित मद शामिल थे :

प्रशिक्षण शुल्क (1.83 करोड़ रुपए), अनुसंधान कार्यों से शुद्ध आय (2.11करोड़ रुपए), उपयोगकर्ता प्रभार (47.00 लाख रुपए), प्रकाशनों की बिक्री (0. 25 लाख रुपए) आदि। 33.01 करोड़ रुपए के कुल भुगतान में से संस्थान के वेतन और भत्ते 10.95 करोड़ और पेंशन 7.08 करोड़ रुपए थी। व्यय के अन्य मुख्य मद इस प्रकार थे - परिसर रखरखाव (2.41 करोड़ रुपए), प्रशासकीय एवं विविध खर्चे (51.48 लाख रुपए), प्रशिक्षण कार्यक्रम (1.05 करोड़ रुपए)।

संस्थान को पूंजी प्रकृति की विभिन्न गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए सरकार से 10.50 लाख रुपए का अनुदान (पूंजी) भी प्राप्त हुआ। इसके विरुद्ध 10. 50 लाख रुपए खर्च किए गए थे। व्यय के मुख्य मद इस प्रकार थे -

आईसीटी गतिविधियां (73.96 लाख रुपए), पुस्तकालय (18.46 लाख रुपए), आंचलिक/स्थानीय शाखाओं को मजबूत करना (5.05 लाख रुपए), संरचनात्मक विकास कार्य/नवीकरण कार्य (952.53 लाख रुपए)। संस्थान की विस्तृत वित्तीय स्थिति बैलेंस शीट और आय एवं व्यय खाते में दी हुई है।

## महत्वपूर्ण घटनाएं

### 'संगोष्ठियां/सम्मेलन/कार्यशालाएं/व्याख्यान'

संस्थान ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित गोष्ठियों/सम्मेलनों/ व्याख्यानों/ वेबिनारों का आयोजन किया :

## प्रशिक्षक कार्यशाला का पायलट प्रशिक्षण

### टीओटी मॉड्यूल्स को अंतिम रूप देना :

जैव विविधता संरक्षण के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल को अंतिम रूप देने हेतु 3 मार्च, 2020 को गंगटोक में प्रशिक्षक कार्यशाला के पायलट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें प्रमुख हित धारकों यानी वन, पर्यावरण और वन्यजीव प्रबंधन विभाग, खाद्य सुरक्षा और कृषि विकास विभाग, शिक्षा विभाग और इसी तरह के दूसरे प्रतिनिधियों को शामिल किया गया था। कार्यशाला का उद्देश्य जैव विविधता संरक्षण के लिए प्रमुख हित धारकों की क्षमताओं को बढ़ाना था। कार्यशाला का आयोजन श्री भुवन प्रधान, मुख्य वन संरक्षक (वन, पर्यावरण एवं वन्य जीवन प्रबंधन विभाग, सिक्किम सरकार के सभापतित्व में किया गया। प्रो विनोद के शर्मा और डॉ श्यामली सिंह कार्यक्रम के समन्वयक थे।

### उपभोक्ता संरक्षण में समसामयिक चुनौतियों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी'

भा.लो.प्र.स. के उपभोक्ता अध्ययन केंद्र ने यशवंतराव लॉ कॉलेज, पुणे के सहयोग से 2-3 मार्च 2020 से 'उपभोक्ता संरक्षण में समकालीन चुनौतियां' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इसे भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग ने प्रायोजित किया था। 80 से भी अधिक शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों, विशेषज्ञों, चिकित्सकों, कार्यपालकों और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने इसमें शिरकत की। संगोष्ठी में सभी हितधारकों को भाग लेने तथा क्षेत्र की नई चुनौतियों पर चर्चा करने और उपभोक्ताओं के लिए एक सुरक्षित व्यवस्था के लिए आगे बढ़ने का अवसर मिला। प्रो सुरेश मिश्रा और डॉ सपना चड्डा ने इसका संचालन किया।

## डॉ बी. आर. अंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि

डॉ बी. आर. अंबेडकर की 129 वीं जयंती के अवसर पर भालोप्रस के महानिदेशक श्री एस एन त्रिपाठी , कुलसचिव श्री अमिताभ रंजन, डॉ सी. शीला रेड्डी, चेयर प्रोफेसर, डॉ बी. आर. अंबेडकर सामाजिक न्याय पीठ, डॉ चारु मल्होत्रा, एसोसिएट प्रोफेसर, ई-गवर्नेंस और आई सी टी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कोविड - 19 की वजह से सामाजिक दूरी का पालन करते हुए उपस्थित संकाय एवं स्टाफ ने, भारतीय संविधान के निर्माता डॉ अंबेडकर के आदर्शों और विचारों को याद किया। श्री एस एन त्रिपाठी ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने जाति मुक्त भारत की कल्पना की थी। उनका अटल विश्वास था कि जाति व्यवस्था केवल श्रम का विभाजन ही नहीं करती बल्कि श्रमिकों का विभाजन भी करती है। उन्होंने भालोप्रस में डॉ अंबेडकर सामाजिक न्याय पीठ प्रायोजित करने के लिए, डॉ अंबेडकर प्रतिष्ठान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री अमिताभ रंजन द्वारा डॉ अंबेडकर के बहुमुखी व्यक्तित्व और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। डॉ सी. शीला रेड्डी ने भारतीय समाज में व्याप्त अंतर्विरोधों का पता लगाने के लिए डॉ अंबेडकर की अमूल्य अंतदृष्टि, आदर्शों और दर्शन पर फिर से विचार करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. चारु मल्होत्रा ने डॉ. अंबेडकर के मिशन एवं विरासत को संक्षेप में साझा किया।

## अप्पा के 45वें दीक्षांत समारोह का ऑनलाइन आयोजन

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (भा.लो.प्र.सं.) के इतिहास में पहली बार भा.लो.प्र.स. के सर्वोत्कृष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम 45वें उन्नत व्यावसायिक लोक प्रशासन कार्यक्रम (अप्पा) का दीक्षांत समारोह 30 अप्रैल, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए संपन्न हुआ। 2 जुलाई, 2019 को शुरू हुए इस कार्यक्रम को कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय (डीओपीटी) द्वारा प्रायोजित किया गया था। डॉ जितेंद्र सिंह, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय तथा राज्य मंत्री प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग (इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। डॉ सी चंद्रमौलि, सभापति, भा.लो.प्र.सं. एवं सचिव, डीओपीटी ने भी इस अवसर की शोभा बढ़ाई। श्री सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, निदेशक (अब महानिदेशक) ने अतिथियों के साथ ही साथ प्रतिभागियों का भी स्वागत किया। प्रो गोविंद भट्टाचार्यजी निदेशक, 45वां अप्पा, ने पाठ्यक्रम का सिंहावलोकन प्रस्तुत किया और डॉ नीतू जैन, सह-कार्यक्रम निदेशक ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

## कोविड-19 के बाद शासन सुधारों पर वेबिनार श्रृंखला में प्रथम

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान भा.लो.प्र.सं. ने 'कोविड-19 के बाद शासन सुधार' विषय पर 14 मई, 2020 को एक वेबिनार का आयोजन किया। श्री वी. श्रीनिवास, (भा.प्र.से.), अतिरिक्त सचिव, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय तथा निदेशक राष्ट्रीय सुशासन केंद्र- इस वेबिनार के मुख्य वक्ता थे। डॉ यामिनी अय्यर, सीईओ एवं अध्यक्ष, नीति अनुसंधान केंद्र, नई दिल्ली चर्चाकार थीं। सत्र की अध्यक्षता भा.लो.प्र.सं. के महानिदेशक, श्री एस. एन. त्रिपाठी भा.प्र.से. (अवकाश प्राप्त) ने की। सभी क्षेत्रों से लगभग 90 लोगों ने संगोष्ठी में शिरकत की। और उन्हें प्रश्नोत्तर सत्र में प्रश्न पूछने का अवसर भी प्रदान किया गया। भा.लो.प्र.सं. के कुलसचिव श्री अमिताभ रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सत्र का संचालन प्रो गीतांजलि नटराज, प्रोफेसर अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र, भा.लो.प्र.सं. ने किया।

## 'भारत में कृषि मंडियों में सुधार पर वेबिनार'

18 मई, 2020 को 'भारत में कृषि मंडियों में सुधार' पर वेबिनार चर्चा का आयोजन किया गया। डॉ अशोक दलवाई, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय वर्षा सिंचित क्षेत्र प्राधिकरण तथा निवर्तमान सभापति कृषक आय-द्विगुणीकरण पर अंतर-मंत्रालय समिति; इस सेमिनार के अग्रणी चर्चाकार थे। श्रीमती नीलकमल दरबारी, एम डी, लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ

(एस एफ ए सी) दूसरी चर्चाकार थीं। श्री सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने चर्चा को आगे बढ़ाया, अवलोकन किए और दर्शकों/श्रोताओं के प्रश्नों को मॉडरेट किया। श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव, भा.लो.प्र.सं. द्वारा प्रस्तावित हार्दिक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ चर्चा संपूर्ण हुई। प्रो अशोक विशन दास, प्रोफेसर, अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र, भा.लो.प्र.सं. ने सत्र का संचालन किया।

## 'कोविड-19 महामारी के दौरान भावनात्मक लचीलापन बनाने में नेतृत्व की भूमिका पर वेबिनार'

'कोविड महामारी के दौरान भावनात्मक लचीलापन बनाने में नेतृत्व की भूमिका' पर 20 मई, 2020 को एक बेबिनार का आयोजन किया गया। इसमें आमंत्रित अतिथि थे - श्री वी. के. सिंह, निदेशक, कार्मिक पावर ग्रिड और श्री डी. वी. शास्त्री, कार्यकारी निदेशक, 'गैल' (जी ए आई एल) प्रशिक्षण संस्थान, गैल (इंडिया) लिमिटेड। श्री एस एन त्रिपाठी महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. सत्र के मॉडरेटर थे। श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव, भा.लो.प्र.सं. ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। डॉ नीतू जैन, एसोसिएट प्रोफेसर, संगठन एवं व्यवहार विज्ञान क्षेत्र, भा.लो.प्र.सं. ने सत्र का संचालन किया।

## 'कोविड-19: उपभोक्ता संरक्षण के लिए उभरती चुनौतियां पर वेबिनार'

26 मई, 2020 को 'कोविड-19 : उपभोक्ता संरक्षण के लिए उभरती चुनौतियां' - विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार को श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने मॉडरेट किया। इसमें अग्रणी वक्ता थे - श्री अविनाश के श्रीवास्तव, निवर्तमान सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार तथा मुख्य चर्चाकार थे - प्रो श्री रामकृष्ण, वाणिज्य प्रोफेसर (निवर्तमान), दिल्ली विश्वविद्यालय तथा जाने-माने उपभोक्ता कार्यकर्ता। इसमें प्रतिभागियों की अच्छी खासी उपस्थिति रही। इनमें नीति निर्माता, शिक्षाविद, शोधकर्ता, उपभोक्ता निवारण प्राधिकरण के सदस्य तथा गैर सरकारी संगठन शामिल हुए। वेबिनार का संचालन प्रो सुरेश मिश्रा, पीठ प्रोफेसर, उपभोक्ता मामले, उपभोक्ता अध्ययन केंद्र, भा.लो.प्र.सं. ने किया।

## 'कोरोना संकट में भारत में स्थानीय सरकारों की उभरती हुई भूमिका पर वेबिनार'

'कोरोना संकट में भारत में स्थानीय सरकारों की उभरती हुई भूमिका'-विषय पर 27 मई, 2020 को एक वेबिनार आयोजित की गई। डॉ वी. एन. आलोक ने सभी का स्वागत किया और इस विषय पर अपने पृष्ठभूमि पत्र के आधार पर परिचयात्मक टिप्पणी प्रस्तुत की। डॉ एम रामचंद्रन, निवर्तमान सचिव, शहरी विकास केंद्रीय मंत्रालय तथा श्री एस एम विजयानंद, सभापति, छठा केरल राज्य वित्त आयोग ने अपना प्रस्तुतीकरण दिया। बहुत ही सजीव पर चर्चा हुई। कई राज्यों के प्रतिभागियों ने प्रश्न उठाए। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने सत्र को मोडरेट किया। डॉ आलोक, एसोसिएट प्रोफेसर, शहरी वित्त, भा.लो.प्र.सं. ने वेबिनार का संचालन किया।

## 'कोविड-19 : लचीलापन कलंक और लैंगिक समानता पर वेबिनार'

29 मई, 2020 को एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का शीर्षक था - 'कोविड-19 : लचीलापन कलंक और लैंगिक समानता'। सुश्री वृंदा कारत, राज्यसभा सदस्य एवं सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो की पहली महिला सदस्य तथा डॉ रंजना कुमारी, जानी-मानी सामाजिक कार्यकर्ता एवं उर्वर शिक्षाविद -वेबिनार की अग्रणी वक्ता थीं। उन्होंने विभिन्न व्यवसायों में महिलाओं के व्यावसायिक स्वास्थ्य के लिए बढ़ती हई चुनौतियों पर बात की। उन्होंने कहा कि इस महामारी में इस बात को पहचान दिलाने की जरूरत है। उन्होंने इस पर भी बात की कि महिलाओं से परामर्श करना और निर्णय लेने में लिंग संतुलन बनाए रखना क्यों महत्वपूर्ण है। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. इस कार्यक्रम के सभापति और मॉडरेटर थे। डॉ नूपुर तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर

एवं अध्यक्ष, जनजातीय मामले उत्कृष्टता केंद्र (सी ओ ई), (जनजातीय मामले मंत्रालय, भारत सरकार), भा.लो.प्र.सं. ने सत्र का संचालन किया।

## 'समावेशी शासन' विषय पर वेबिनार

भा.लो.प्र.सं. ने 18 जून, 2020 को एक वेबिनार का आयोजन किया। आयोजित वेबिनार का विषय था–समावेशी शासनः पोस्ट कोविड चुनौतियां''। सुश्री ललिता, निदेशक, इंडिया फाउंडेशन तथा निवर्तमान चेयर पर्सन राष्ट्रीय महिला आयोग और प्रो अमिता सिंह, प्रोफेसर, कानून एवं शासन तथा संस्थापक चेयरपर्सन, विशेष आपदा अनुसंधान केंद्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय– वेबिनार की प्रमुख वक्ता थी। श्री एस एन त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने सत्र को मॉडरेट किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कोविड– उत्तर चुनौतियों पर प्रकाश डाला और कहा कि समग्र विकास प्राप्त करने के लिए समावेशी शासन ही मुख्य कारक है। प्रो सी शीला रेड्डी ने वेबिनार का संचालन किया।

## 'महामारी के बाद की अवधि में शासन का डिजिटल परिवर्तन' विषय पर सेमिनार'

9 जून, 2020 को 'महामारी के बाद की अवधि में शासन का डिजिटल परिवर्तन'– विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। श्री जे सत्यनारायण भा.प्र.से. (अवकाश प्राप्त) मुख्य सलाहकार, चतुर्थ औद्योगिक क्रांति का भारतीय केंद्र, विश्व आर्थिक फोरम,– वेबिनार के अग्रणी वक्ता थे। डॉ लवनीश चानना, उपाध्यक्ष, डिजिटल सरकार, एशिया प्रशांत और जापान, एस ए वी––मुख्य चर्चाकार थे। वेबिनार में 170 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए। इन सभी ने वेबिनार–पूर्व सर्वेक्षण में प्रतिभागिता की। प्रतिभागियों के समूह में सरकारी, शिक्षा– विदों, आई टी/उद्योग के साथ ही साथ विद्यार्थियों का भी स्वस्थ प्रतिनिधित्व था। डॉ चारू मल्होत्रा कार्यक्रम की संचालक थीं।

## 'साइबर सुरक्षा : सोशल डिस्टेंसिंग के दौरान सोशल इंजिनियरिंग' विषय पर वेबिनार

24 जून, 2020 को 'साइबर सुरक्षा : सोशल डिस्टेंसिंग के दौरान – सोशल इंजिनियरिंग'– विषय पर एक वेबिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ सुरेश पांडेय ने परिचयात्मक टिप्पणी प्रस्तुत की। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने स्वागत भाषण दिया और परिचर्चा को मॉडरेट किया। वेबिनार के प्रख्यात पैनलिस्ट थे – लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ) राजेश पंत, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक, प्रधानमंत्री कार्यालय, भारत सरकार तथा श्री एस के भल्ला, निदेशक (साइबर एवं सूचना सुरक्षा), गृह मंत्रालय, भारत सरकार। वक्ताओं ने हमारे देश के सामने आने वाली अड़चनों/चुनौतियों पर बात की।

## 'शासन और बुनियादी ढांचे के लिए नव सामान्य' विषय पर वेबिनार

5 जून, 2020 को 'शासन एवं बुनियादी ढांचे के लिए नव सामान्य' विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में दो प्रख्यात पैनलिस्टों द्वारा विशेषज्ञ प्रस्तुतीकरण दिया गया। इनके नाम हैं–– श्री हितेष वैद्य, निदेशक, राष्ट्रीय शहरी मामले संस्थान और श्री शैलेश पाठक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं स्वतंत्र निदेशक, एल एंड टी इन्फ्राट्रक्चर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने वेबिनार को मॉडरेट किया। सत्र के दौरान इस बात पर बल दिया गया कि मुख्य शहरों के माध्यम से कोविड–19 का विस्तार हो रहा है। परिवहन, आवास, आपूर्ति– श्रृंखला, कम आय वाले निपटान और शासन प्रथाएं एक संक्रमण के दौर से गुजर रही हैं, जो एक नव सामान्य बना रही हैं। इस संदर्भ में शहर–सरकार पहलों के केंद्र में है। अंतर–सरकारी संदर्भ में सक्तिकरण और सुविधा के साथ शहर की सरकारों की भूमिका को मजबूत करने की आवश्यकता है। इस संबंध में दोनों वक्ताओं द्वारा वर्तमान परिदृश्य में नवाचारों पर भी प्रकाश डाला गया। अंततः यह महसूस किया गया कि महामारी के खिलाफ लड़ाई को सफल बनाने की कुंजी शहरी क्षेत्र के पास है। प्रो के के पांडेय कार्यक्रम के समन्वयक थे।

## 'आदिवासी समुदायों के लिए डिजिटल कौशल और मेंटरशिप' विषय पर वेबिनार

जनजातीय मामले एवं फेसबुक मंत्रालय के साथ साझेदारी में 26 जून, 2020 को 'आदिवासी समुदायों के लिए डिजिटल कौशल और मेंटरशिप' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार के दौरान 'गोल' 'जी ओ ए एल) कार्यक्रम के बारे में चर्चा हुई। यह कार्यक्रम जनजातीय मामले एवं फेसबुक मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है। इसके साथ ही जनजातीय-प्रतिभा-पूल-योजना पर भी चर्चा हुई। इन पहलों की सफलता के लिए नया सीखने एवं अपने सुझाव देने के लिए भारत के विभिन्न भागों से आए हुए तकरीबन 900 जनजातीय विद्वानों ने इस वेबिनार में भाग लिया। डॉ नूपुर तिवारी ने सत्रों का समन्वय किया।

## 'कोविड-19 के बाद में लोक सेवा वितरण' विषय पर वेबिनार

10 जून, 2020 को 'कोविड-19 के बाद में लोक सेवा वितरण'- विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में दो प्रमुख वक्ता थे --प्रो थनकोम अरूण, प्रोफेसर, वैश्विक विकास एवं उत्तरदायित्व, एसेक्स विश्वविद्यालय और डॉ विक्रम चंद, निवर्तमान अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र विशेषज्ञ, विश्व बैंक। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं., कार्यक्रम के समन्वयक थे।

## नव सामान्य में नौकरियों का पुननिर्माण और पुनः सृजन

29 जुलाई, 2020 को 'नव सामान्य में नौकरियों का पुननिर्माण और पुनः सृजन'- विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। श्री विनोद जुत्शी भा.प्र.से. (अवकाश प्राप्त), निवर्तमान सचिव, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार और श्री के.के. जालान, भा.प्र.से. (अवकाश प्राप्त), निवर्तमान सचिव, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार (इस वेबिनार के प्रमुख वक्तागण थे। श्री एस.एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.स. ने स्वागत भाषण दिया और डॉ साकेत बिहारी ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

## डेटा विश्लेषण एवं कृत्रिम इंटेलिजेंस पर कार्यशाला

नेशनल अकैडमी ऑफ कस्टम्स, इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड नारकोटिक्स, नई दिल्ली के लिए 27 जुलाई, 2020 को 'डेटा विश्लेषण और कृत्रिम इंटेलिजेंस' - विषय पर एक कार्यशाला ऑनलाइन शुरू की गई।

## समकालीन भारत में प्रवास और रोजगार सृजन पर वेबिनार

22 जुलाई, 2020 को एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय था- 'समकालीन भारत में प्रवास और रोजगार सृजनः संभावनाएं और चुनौतियां'। प्रो बिनोद खादरिया, निवर्तमान प्रोफेसर, अर्थशास्त्र, शिक्षा एवं प्रवास, जेएनयू, नई दिल्ली तथा प्रो संतोष मेहरोत्रा, अर्थशास्त्र के प्रोफेसर एवं सभापति श्रम अध्ययन केंद्र जे.एन.यू; वेबिनार के प्रमुख वक्ता गण थे। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने स्वागत भाषण दिया। डॉ गदाधर महापात्रा ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

## तनाव प्रबंधन एवं बढ़ी हुई उत्पादकता पर सेमिनार

14 अगस्त, 2020 को 'तनाव प्रबंधन एवं बढ़ी हुई उत्पादकता'- विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। डॉ नूपुर कोहली, सलाहकार, हेल्थ केयर नीदरलैड्स; इस अवसर पर प्रमुख वक्ता थीं। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने स्वागत भाषण दिया और डॉ नूपुर तिवारी ने इस कार्यक्रम का समन्वयन किया। श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव, भा.लो.प्र.सं. ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## किसानों के कल्याण एवं कृषि के लिए नई पहलें पर वेबिनार

10 अगस्त, 2020 को 'किसानों के कल्याण एवं कृषि के लिए नई पहलें'- विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। श्री संजय अग्रवाल, भा. प्र.से., सचिव, कृषि, सहकारिता एवं कृषक कल्याण विभाग और डॉ त्रिलोचन महापात्र, सचिव, कृषि, अनुसंधान एवं शिक्षा तथा महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद; इस अवसर पर प्रख्यात वक्तागण थे।

श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने सत्र को मॉडरेट किया। प्रो अशोक विशन दास ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया। श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव, भा.लो.प्र.सं. ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## भारत में राष्ट्रीय सांख्यिकीय तंत्र पर वेबिनार

6 अगस्त, 2020 को 'भारत में राष्ट्रीय सांख्यिकीय तंत्र' -विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। श्री पवन श्रीवास्तव, सीएसआई एवं सचिव, एम ओ एस पी आई, भारत सरकार तथा श्री राज गौतम मित्रा, निवर्तमान आई एस एस अधिकारी; इस अवसर पर प्रख्यात वक्तागण थे। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक भा.लो.प्र.सं. ने सत्र को मॉडरेट किया और प्रो अशोक विशन दास ने इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया। श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव, भा.लो.प्र.सं. ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

## ई-कॉमर्स : नव सामान्य में लोच रणनीतियां पर वेबिनार

4 अगस्त, 2020 को 'ई-कॉमर्स : नव सामान्य में लोच रणनीतियां' - विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। श्री राहुल सुंदरम्, वरिष्ठ कारपोरेट वकील, एमेजॉन इंडिया तथा श्री गौरव लूंबा, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, (गवर्नमेंट रिलेशंस एंड एडवोकेसी), एनपीसीआई; प्रमुख वक्तागण थे। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने सत्र को मॉडरेट किया। डॉ सपना चड्डा ने कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया और श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव भा.लो.प्र.सं. ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## जलवायु भिन्नता एवं परिवर्तन : भारत में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए चुनौतियां पर वेबिनार

20 अगस्त, 2020 को ''जलवायु भिन्नता एवं परिवर्तन: भारत में आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) के लिए चुनौतियां''- विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। डॉ के. जे. रमेश, निवर्तमान महानिदेशक, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग तथा श्री कमल किशोर, सदस्य, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण; वेबिनार में प्रख्यात वक्तागण थे। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने सत्र को मॉडरेट किया। डॉ श्यामली सिंह ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

## माननीय केंद्रीय मंत्री जनजातीय मामले भालोप्रस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान सम्मेलन में सम्मिलित हुए

श्री अर्जुन मुंडा, माननीय मंत्री, जनजातीय मामले, भारत सरकार; भा.लो.प्र.सं. के उत्कृष्टता केंद्र द्वारा 3-4 सितंबर, 2020 को आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान सम्मेलन में सम्मिलित हुए। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए माननीय केंद्रीय मंत्री, जनजातीय मामले ने कहा कि मंत्रालय भा.लो.प्र.सं. के सहयोग से व्यावहारिक मॉडल के ऐसे डिजाइन पर विचार कर रहा है जो समस्या की पहचान, समाधान खोजने और परियोजना निष्पादन जैसे क्रियात्मक अनुसंधान के हिस्से के रूप में एंड टु एंड समाधान प्रस्तुत करता है, जिनका नीतिगत पहलों द्वारा कार्यान्वयन किया जा सकता है। श्री दीपक खांडेकर, सचिव, एम ओटीए ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि पूर्व में जनजातीय अनुसंधान का कार्य जनजातीय मामलों के मंत्रालय में एक प्रायोजित कार्य की तरह किया जा रहा था परंतु अब इसे मिशन मोड में चलाया जा रहा है। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने सत्र की अध्यक्षता की और डॉ नूपुर तिवारी ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

## मिशन कर्म योगी पर वेबिनार

11 सितंबर, 2020 को ''मिशन कर्मयोगी : परिकल्पना एवं संभावनाएं''- विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार के प्रख्यात वक्तागण थे- डॉ सी. चंद्रमौलि, सचिव, डीओपीटी एवं सभापति भा.लो.प्र.सं. तथा श्रीमती रश्मि चौधरी, अतिरिक्त सचिव, प्रशिक्षण, डीओपीटी। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक भा.लो.प्र.सं. ने बैठक की अध्यक्षता

की। इस कार्यक्रम का आयोजन मिशन कर्मयोगी की कार्यान्वयन रणनीति का विश्लेषण करने एवं समझने के लिए किया गया था। श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव भा.लो.प्र.सं. ने भी सत्र में शिरकत की और धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। डॉ चारु मल्होत्रा ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

## रणनैतिक एवं लोक हितकारी सीएसआर पर वेबिनार

2 सितंबर 2020 को ''रणनैतिक एवं लोक हितकारी सीएसआर : सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए महामारी के बाद की चुनौतियां एवं अवसर''- विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। श्री संजय कुमार जैन, संयुक्त सचिव, लोक उद्यम विभाग, (डीपीई) एवं श्री विश्वजीत राय, निदेशक, मानव संसाधन और व्यवसाय विकास, ऑयल इंडिया लिमिटेड; इस वेबिनार के प्रमुख वक्ता थे। डॉ रोमा देबनाथ ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

## आपदा जोखिम में कमी के अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय परिपेक्ष्य पर वेबिनार

''आपदा जोखिम में कमी के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य''- विषय पर 28 सितंबर, 2020 को एक वेबिनार का आयोजन किया गया। डॉ राजीव शॉ, प्रोफेसर, ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मीडिया एंड गवर्नेंस, कियो विश्वविद्यालय, जापान; श्री कृष्ण एस. वत्स, सदस्य, एनडीएमए और श्री अनिल कुमार सिन्हा, भा.प्र. से. (अवकाश प्राप्त), व वरिष्ठ सलाहकार एवं मेंटर; वेबिनार के मुख्य वक्तागण थे। वेबिनार का समन्वयन प्रो वी के शर्मा और डॉ श्यामली सिंह द्वारा किया गया।

## शिक्षण एवं निर्णय लेने के लिए केस स्टडी विधि पर वेबिनार

इस वेबिनार का आयोजन 26 अक्टूबर, 2020 को किया गया। वेबिनार ने भा.लो.प्र.सं. के केस स्टडी कार्यक्रम में सुधार पर विचार विमर्श करने एवं चर्चा करने का अवसर प्रदान किया। उन सभी लेखकों को इस वेबिनार में आमंत्रित किया गया था जिन्होंने अपने केस स्टडीज को भा.लो.प्र.सं. की वार्षिक निर्णय लेने/ केस स्टडी प्रतियोगिता में पिछले 5 वर्षों (2016-2020) के दौरान जमा करवाया था। प्रो सी. शीला रेड्डी, पीठ प्रोफेसर, डॉ अंबेडकर सामाजिक न्याय पीठ तथा सदस्य सचिव, केस स्टडीज़ समिति ने अपने उद्घाटन भाषण में शिक्षण, प्रशिक्षण एवं निर्णय लेने में केस स्टडी विधि के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री एस. एन. त्रिपाठी महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने इस बात पर जोर दिया कि यह विधि निर्णय लेने और महत्वपूर्ण सोच कौशल के एकीकरण के लिए एक व्यापक परिप्रेक्ष्य को बढ़ावा देती है जिससे प्रशासक अपने स्वयं के कार्यों और निष्क्रियताओं की समीक्षा कर सकते हैं। वेबिनार के मुख्य रिसोर्स पर्सन प्रो नंद धमीजा, संकायाध्यक्ष एवं प्रोफेसर, प्रबंध अध्ययन संकाय, (एफ एम एस) मानव रचना अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान एवं अध्ययन संस्थान फरीदाबाद; ने ''केस विधि और केस विश्लेषण'' पर एक व्यापक और अंतदृष्टि पूर्ण प्रस्तुति दी। प्रो अशोक विशनदास, प्रोफेसर अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र ने ''मिशन कर्मयोगी'' पर एक परिपेक्ष्य प्रस्तुत किया। ''मिशन कर्म योगी'' भारत सरकार का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम ''नियम आधारित'' मानव संसाधन प्रबंधन के ''भूमिका आधारित'' में परिवर्तन का समर्थन करता है जिससे कि लोक सेवा के सभी पदों को भूमिकाओं के सांचे में ढाला जा सके। डॉ बी एन आलोक, एसोसिएट प्रोफेसर, सार्वजनिक वित्त; ने चर्चा का समापन करते हुए करते हुए भा.लो.प्र.सं. के केस स्टडी प्रोग्राम को मजबूत करने पर जोर दिया। प्रो सी. शीला रेड्डी ने कार्यक्रम का समन्वयन किया और धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## सीपीएसई का सिंहावलोकन

''केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों का सिंहावलोकन: विनिवेश और प्रदर्शन का मूल्यांकन'' विषय पर 26 अक्टूबर, 2020 को एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार के प्रख्यात वक्ता थे : श्री प्रवीण कांत पांडेय, सचिव, निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार। श्री एस. एन. त्रिपाठी,

महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने परिचय भाषण दिया। डॉ सुरभि पांडेय ने वेबिनार का कार्यान्वयन किया।

## उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम - 2019 पर वेबिनार

''20 अक्टूबर, 2020 को छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय, पनवेल, नवी मुंबई और उपभोक्ता अध्ययन केंद्र भा.लो.प्र.सं. के संयुक्त सहयोग से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 : एक खेल परिवर्तक'' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इसका आयोजन सेंट विलफ्रेड्स कॉलेज ऑफ लॉ, पनवेल के सहयोग से किया गया । डॉ मृत्युंजय पांडेय, प्राचार्य, सेंट विलफ्रेड्स कॉलेज ऑफ लॉ ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। प्रो सुरेश मिश्रा, पीठ प्रोफेसर, सी सी एस, भा.लो.प्र.सं. ने परिचयात्मक टिप्पणी प्रस्तुत की। प्रो ए. के. सिन्हा, कुलपति, सीएसएमयू, ने विशेष संबोधन किया अध्यक्ष ने अध्यक्षीय भाषण दिया। प्रो सुरेश मिश्रा और डॉ सपना चड्डा ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

## लोक सेवा वितरण प्रणाली में आरटीआई अधिनियम की भूमिका

'लोक सेवा वितरण प्रणाली में सूचना अधिकार अधिनियम की भूमिका' विषय पर 1 अक्टूबर, 2020 को एक वेबिनार का आयोजन किया गया। श्री विमल जुल्का, भा.प्र.से., (अवकाश प्राप्त), निवर्तमान मुख्य सूचना आयुक्त, नई दिल्ली और सुश्री अंजलि भारद्वाज, सह-संयोजिका, नेशनल कैंपेन फॉर पीपल्स राइट टू इनफार्मेशन (एनसीपीआरआई) व संस्थापक सदस्य, एस एन एस - सतर्क नागरिक संगठन (सोसायटी फॉर सिटीजंस विजिलेंस इनीशिएटिव) वेबिनार में प्रख्यात वक्ता थे । भा.लो.प्र.सं. के महानिदेशक श्री एस. एन. त्रिपाठी ने सत्र की अध्यक्षता की। प्रो अशोक विशन दास और डॉ सपना चड्डा ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

## शासन में डिजिटल परिवर्तन पर वेबिनार

राज्य ए टी आईज के माध्यम से जिला अधिकारियों के लिए 'जागरूकता और कौशल विकास कार्यक्रम' परियोजना के तहत 'शासन में डिजिटल परिवर्तन' पर 12 से 15 अक्टूबर, 2020 तक एक तीन दिवसीय आभासी शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसका प्रायोजन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया था। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने सत्र की अध्यक्षता की। इस वेबिनार में प्रख्यात वक्ता थे; डॉ राजेंद्र कुमार, भा.प्र.से. ,अतिरिक्त सचिव, एमईआईटीवाई (श्री अभिषेक सिंह, सीईओ व अध्यक्ष एनईजीडी (डॉ जयदीप कुमार मिश्र, संयुक्त सचिव, एमईआईटीवाई (डॉ लवनीश चानना, उपाध्यक्ष 'सरकारी मामले- एशिया प्रशांत और जापान' एसएपी (डॉ अविक सरकार, संकाय, भारतीय व्यवसाय विद्यालय (श्री शोभेंद्र बहादुर निदेशक, ई-गाँव व माइगाँव (श्री गोलोक स्मिली, प्रधान परामर्शदाता एवं प्रौद्योगिकी प्रमुख, एम ई ए; श्री दीपक महेश्वरी, लोकनीति प्रोफेशनल और श्री दीपेंद्र सिंह, फ्रीलांसर, ई-शासन विशेषज्ञ । डॉ चारू मल्होत्रा ने वेबिनार का समन्वयन किया।

## भा.लो.प्र.सं. में आयोजित आभासी जनजातीय प्रतिभा पूल सम्मेलन

जनजातीय मामले मंत्रालय के अंतर्गत जनजातीय मामलों के उत्कृष्टता केंद्र ने 13 अक्टूबर, 2020 को आभासी जनजातीय प्रतिभा पूल सम्मेलन आयोजित किया। इसमें प्रख्यात वक्तागण थे -प्रो. विनय कुमार श्रीवास्तव, निदेशक, एएनएसआई एवं प्रो. रजनीश जैन, सचिव, यूजीसी एवं सीवीओ। डॉ नूपुर तिवारी ने कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया।

**भारत में स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करना : कोविड बाद का परिदृश्य**

## भारत में स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने पर एक वेबिनार

''भारत में स्वास्थ्य प्रणाली का मजबूती करण-पोस्ट-कोविड परिदृश्य'' विषय पर 13 अक्टूबर, 2020 को एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार के प्रख्यात वक्तागण थे- डॉ इंदु भूषण, सीईओ, आयुष्मान भारत (एबी - पीएमजेएवाई) और राष्ट्रीय

स्वास्थ्य प्राधिकरण; श्री मनोज झालानी, आईएएस, निदेशक (स्वास्थ्य प्रणाली विकास), विश्व स्वास्थ्य संगठन और प्रो सुरेखा किशोर, कार्यकारी निदेशक, एम्स गोरखपुर। वेबिनार का संचालन डॉ पवन तनेजा ने किया।

## भा.लो.प्र.सं. में संविधान दिवस समारोह

डॉ. अम्बेडकर सामाजिक न्याय पीठ, भा.लो.प्र.सं. ने भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 71वां संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। प्रो. सी. शीला रेड्डी, पीठ आचार्या, डॉ. अम्बेडकर सामाजिक न्याय पीठ ने प्रस्तावना में परिलक्षित भारतीय संविधान के दर्शन को साझा करके राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाने के महत्व को समझाया। इस अवसर पर भा.लो.प्र.सं. बिरादरी ने श्री एस.एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. के नेतृत्व में संकल्प पारित किया और संविधान की प्रस्तावना पढ़कर स्वयं को संविधान के आदर्शों के प्रति पुनः समर्पित करने की शपथ ली। इसके बाद, भा.लो.प्र.सं. के संकाय और कर्मचारियों ने डॉ अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

## संविधान निर्माण पर डॉ अम्बेडकर के विचार पर वेबिनार

भा.लो.प्र.सं. ने 'संविधान निर्माण पर डॉ अम्बेडकर के विचार' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार के मुख्य वक्ता थे- डॉ. राजा शेखर वुंद्रू, भा.प्र.से., प्रधान सचिव, भारत सरकार। । डॉ. वुंद्रू ने अम्बेडकर, जाति, अस्पृश्यता, दलित इतिहास और साहित्य पर विस्तार से लिखा है। वह 'अंबेडकर, गांधी और पटेल' पुस्तक के लेखक भी हैं। प्रो. सी. शीला रेड्डी, पीठ आचार्या, डॉ. अम्बेडकर सामाजिक न्याय पीठ, ने वक्ता और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने उल्लेख किया कि बाबासाहेब अम्बेडकर ने संविधान सभा की मसौदा समिति के अधयक्ष की हैसियत से भारत के लोगों के लिए एक व्यापक और व्यावहारिक संविधाान तैयार किया। श्री एस.एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने अपने उद्घाटन भाषण में इस बात पर जोर दिया कि भारतीय संविधान के निर्माण में डॉ. अम्बेडकर का योगदान अभूतपूर्व था। डॉ. वुंड्रू ने अपने संबोधन में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार तथा सीमित मताधिकार से मौलिक अधिकार बनने तक की मतदान यात्रा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने रियासतों के एकीकरण पर अपने शोध और डॉ. अम्बेडकर पर कुछ रोचक और महत्वपूर्ण तथ्य भी साझा किए। 46वें ''लोक प्रशासन में उन्नत व्यावसायिक कार्यक्रम'' (अप्पा) के प्रतिभागी और अन्य आमंत्रित लोग वेबिनार का हिस्सा थे। प्रो सी. शीला रेड्डी ने वेबिनार का समन्वयन किया और धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

## माननीय मंत्री जनरल वी. के. सिंह का भा.लो.प्र.सं. में राष्ट्रीय सुरक्षा संवाद पर वक्तव्य

**माननीय मंत्री जनरल वी के सिंह,** परम वशिष्ठ सेवा मेडल (पीवीएसएम), अति वशिष्ठ सेवा मेडल (एवीएसएम), युवा सेवा मंडल (वाईएसएम), एडीसी, केंद्रीय राज्यमंत्री; राज्य मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग तथा पूर्व थल सेना प्रमुख ने 25 नवंबर, 2020 को 'राष्ट्रीय सुरक्षा संवाद' पर एक भाषण दिया। अपने व्याख्यान के दौरान, माननीय मंत्री राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक समान दृष्टिकोण और राष्ट्र की समग्र संरक्षा और सुरक्षा में प्रत्येक व्यक्ति को कैसे कुछ भूमिका निभानी है; इस बात पर जोर दिया। उन्होंने रक्षा खरीद, साइबर स्पेस सुरक्षा और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता पर प्रकाश डालने के अलावा समग्र सुरक्षा पहलुओं से निपटने के दौरान प्रौद्योगिकी के उपयोग, नवाचार और कुशल दृष्टिकोण के बारे में बात की। इसके अलावा, उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। डॉ. सुरभि पांडे, स्ट्रीम प्रभारी, साइबर और राष्ट्रीय सुरक्षा, भा.लो.प्र.सं., ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और माननीय मंत्री जनरल वी. के. सिंह को भा.लो.प्र.सं. के निदेशक श्री एस. एन. त्रिपाठी का परिचय दिया। श्री एस. एन. त्रिपाठी ने परिचयात्मक टिप्पणी प्रस्तुत की और सत्र का संचालन किया। श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव, भा.लो.प्र.सं. ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। भा.लो.प्र.सं. के संकाय और वरिष्ठ कर्मचारियों ने सत्र में

भाग लिया। लोक प्रशासन में 46वें उन्नत व्यावसायिक कार्यक्रम के प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ-साथ भा.लो.प्र.सं. की क्षेत्रीय और स्थानीय शाखाओं के सदस्यों ने ऑनलाइन मोड के माधयम से सत्र में भाग लिया। पूर्व थल सेनाध्यक्ष ने भा.लो.प्र.सं. में महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उसके बाद भा.लो.प्र.सं. के प्रशिक्षु अधिकारियों और संकाय सदस्यों की एक सामूहिक तस्वीर का आयोजन किया गया।

## स्व. डॉ यू.सी. अग्रवाल स्मृति व्याख्यान

भा.लो.प्र.सं. ने 19 नवंबर, 2020 को ''नैतिकता और शासन'' विषय पर प्रथम स्व. डॉ यू सी अग्रवाल स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया।

श्री एस.एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया। डॉ सी. चंद्रमौलि भा प्र से (सेवानिवृत्त), भारत सरकार के पूर्व सचिव, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने व्याख्यान दिया। श्री ओम प्रकाश अग्रवाल, भा प्र से (सेवानिवृत्त), भारत सरकार में पूर्व संयुक्त सचिव और डॉ. यू.सी. अग्रवाल के सुपुत्र ने भी इस अवसर पर बात की। भा. लो.प्र.सं. संकाय, डॉ चारू मल्होत्रा को भा.लो.प्र.सं. के एक संकाय द्वारा प्रकाशित और लिखित सबसे अधिक लेखों के लिए डॉ यू. सी. अग्रवाल स्मारक पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी तरह इस कार्यक्रम के दौरान डॉ यू. सी. अग्रवाल अग्रवाल स्मारक पुस्तक का विमोचन किया गया। इसमें भालोप्रसं के सभी संकाय सदस्यों द्वारा प्रकाशित लेखों का संकलन है। श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव, भा.लो.प्र.सं. ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। कार्यक्रम का समन्वयन प्रो सुरेश मिश्रा ने किया।

## भारत के परमाणु सिद्धांत पर वेबिनार

10 नवंबर, 2020 को ''भारत के परमाणु सिद्धांत'' पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। श्री एस.एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया। डॉ राजीव नयन, वरिष्ठ अधयेता, रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान और प्रो संजय भारद्वाज, दक्षिण एशियाई अध्ययन, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विद्यालय, जेएनयू,-वेबिनार के मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ मनन द्विवेदी ने किया।

## अच्छे केस स्टडीज विकसित करने के तौर-तरीकों की अंतदृष्टि पर वेबिनार

जनजातीय मामले मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित ''उद्यमिता और कौशल विकास के माध्यम से जनजातीय महिलाओं का सशक्तिकरण: संभावनाएं और चुनौतियां'' विषय पर एक 5-6 नवंबर, 2020 को एक वेबिनार आयोजित किया गया था। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने उद्घाटन भाषण दिया। जनजातीय मामलों के मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री नवल जीत कपूर और एनएसटीएफडीसी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक असित गोपाल वेबिनार के मुख्य वक्ता थे। इस अवसर पर एनसीडब्ल्यू की चेयरपर्सन श्रीमती रेखा शर्मा मुख्य अतिथि थीं। श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव, भा.लो.प्र.सं. ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। कार्यक्रम का संचालन डॉ गदाधार महापात्र ने किया।

## आत्मनिर्भर प्रौद्योगिकियों पर वेबिनार

3 नवंबर, 2020 को एपीपीपीए के तहत ''आत्मनिर्भर प्रौद्योगिकियों पर टाउनहॉल चर्चा'' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भालोप्रसं ने उद्घाटन भाषण दिया। डॉ आर. एस. शर्मा, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त); ट्राई के पूर्व अध्यक्ष, लेफ्टिनेंट जनरल, राजेश पंत; राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक, पीएमओ; डॉ संजय बहल, महानिदेशक, सीईआरटी-इन और डॉ भट्टाचार्य, संस्थापक एवं सीईओ, जीरोन माइक्रोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड- वेबिनार के प्रमुख वक्ता थे। कार्यक्रम का समन्वयन 46वें अप्पा की कार्यक्रम निदेशक डॉ. चारू मल्होत्रा और 46वें अप्पा के सह-कार्यक्रम निदेशक डॉ पवन तनेजा ने किया।

## अच्छे केस स्टडीज़ विकसित करने के तौर-तरीकों की अंतदृष्टि पर वेबिनार

18 नवंबर, 2020 को ''अच्छे केस स्टडीज विकसित करने के तौर-तरीकों की अंतदृष्टि'' पर एक वेबिनार आयोजित किया गया था। श्री एस.एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने उद्घाटन टिप्पणी प्रस्तुत की। प्रो राज कुमार, कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़, इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। प्रो स्विंदर सिंह, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ और प्रो सी. शीला रेड्डी, भा.लो.प्र.सं. संकाय- मुख्य चर्चाकार थे। प्रो. अशोक विशनदास ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

## उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की नई विशेषताओं पर वेबिनार

भा.लो.प्र.सं. के उपभोक्ता अधययन केंद्र ने; उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस-2020 के अवसर पर 24 दिसंबर, 2020 को ''उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की नई विशेषताएं'' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय केंद्रीय मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, श्री पीयूष गोयल ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि सरकार उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे हमारे प्रधान मंत्री की अपील के अनुसार स्वदेशी उत्पादों और सेवाओं को प्राथमिकता देने के लिए स्थानीय के लिए मुखर हों। मंत्री ने गुणवत्ता, मानकों और आत्मनिर्भर भारत के प्रति अधिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता पर बल दिया। मंत्रीजी ने कहा कि अगले वर्ष, भारत को मानक और उत्पादकता में गुणवत्ता के वर्ष का जश्न मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह उपभोक्ताओं और व्यवसाय के हित में होगा क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ अच्छी स्थिति में खड़ा होगा। यह सुनिश्चित करेगा कि भारत के उत्पादों और सेवाओं को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजार में स्वीकार्यता प्राप्त हो। मंत्री ने भाषण का समापन 'जागो और जागते रहो' कहकर किया, जिसका अर्थ है कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के बारे में पता होना चाहिए और उन्हें जागरूक रहना चाहिए तथा सामान और सेवाओं की खरीद करते समय सतर्क रहना चाहिए। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर मंत्रीजी ने सीसीएस, भा.लो.प्र.सं. द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया और ई-बुक (उपभोक्ता पुस्तिका) का विमोचन किया। उपभोक्ता मामलों के राज्य मंत्री श्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने अपने मुख्य भाषण में कहा कि *'उपभोक्ता देवो भव'* अर्थात उपभोक्ता ही ईश्वर है। उन्होंने ई-कॉमर्स और सीधी बिक्री को विनियमित करने की आवश्यकता पर जोर दिया क्योंकि ऑनलाइन खरीदारी हर दिन बढ़ रही है। मंत्री जी ने उपभोक्ता शिकायतों के समाधान में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन और क्षेत्रीय हेल्पलाइनों द्वारा शिकायत निवारण की प्रक्रिया का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या शिकायत दर्ज करने के लिए उपभोक्ता ऐप का उपयोग कर रही है और यह एक बड़ी सफलता है। मंत्रालय में इस ऐप की नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी को उपभोक्ताओं के सशक्तिकरण और जागरूकता की दिशा में काम करना चाहिए। उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव श्रीमती लीना नंदन ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि नए अधिनियम की कई अनूठी विशेषताएं उपभोक्ता के लिए फायदेमंद हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता फैलाने और शिक्षित करने के लिए, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जहां उपभोक्ता शोषण के प्रति अधिक संवेदनशील हैं, उपभोक्ता मामले विभाग सामान्य सेवा केंद्रों, पंचायतों और कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से कार्यक्रमों को लागू करने में राज्य सरकारों के साथ प्रमुख रूप से जुड़ रहा है। मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्षों तथा सदस्यों एवं राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के कई अन्य हितधारकों ने आभासी रूप से इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर भा.लो.प्र.सं. के महानिदेशक श्री एस. एन. त्रिपाठी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सपना चड्डा और डॉ. ममता पठानिया ने किया।

## भारत के संघवाद के बदलते स्वरूप पर वेबिनार

23 दिसंबर, 2020 को छठे डॉ. राकेश हूजा स्मृति व्याख्यान के अवसर पर एक वेबिनार आयोजित किया गया था। 'भारत के संघवाद के बदलते स्वरूप: राजनीति, शासन और उसके परे' विषय पर डॉ संदीप शास्त्री, प्रो वाइस चांसलर, जैन विश्वविद्यालय, बेंगलुरु, कर्नाटक, द्वारा व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान का आयोजन डॉ. राकेश हूजा के सम्मान और स्मृति में किया गया, जिन्होंने 06 अगस्त, 2010 से 07 सितंबर, 2012 तक भालोप्रसं के निदेशक के रूप में कार्य किया था। श्री एस.एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने अपने उद्घाटन भाषण में शिक्षा और प्रशासन के क्षेत्र में डॉ राकेश हूजा के समृद्ध योगदान का स्मरण किया। डॉ. संदीप शास्त्री ने अपने व्याख्यान में भारतीय संघवाद के बदलते स्वरूपों के प्रक्षेपवक्र को प्रस्तुत किया, जो लोकतंत्र को प्रगाढ़ करने और लोकतांत्रिक स्थान के विस्तार में प्रकट हुआ। श्रीमती मीनाक्षी हूजा ने डॉ. राकेश हूजा की यादें साझा कीं और स्मारक व्याख्यान को संस्थागत बनाने पर संतोष व्यक्त किया। व्याख्यान में डॉ राकेश हूजा के परिवार और दोस्तों, भा.लो.प्र.सं. के संकाय और वरिष्ठ प्रशासनिक कर्मचारियों, शिक्षाविदों और देश भर के शोध विद्वानों ने भाग लिया। प्रो. सी. शीला रेड्डी, पीठाचार्या, डॉ. अम्बेडकर सामाजिक न्याय पीठ, ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

## सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में भ्रांतियां तोड़ने पर वेबिनार

30 दिसंबर, 2020 को 7वें प्रो एस सरोजा स्मारक व्याख्यान के अवसर पर ''सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में भ्रांतियां तोड़ना : चुनौतियां और हस्तक्षेप'' विषय पर एक वेबिनार आयोजित किया गया था। यह व्याख्यान भा.लो.प्र.सं. के निवर्तमान विशिष्ट संकाय प्रो एस सरोजा के सम्मान और स्मृति में आयोजित किया गया था। श्री एस एन त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया। डॉ अलका मित्तल, निदेशक (एचआर), ओएनजीसी, दिल्ली वेबिनार की मुख्य वक्ता थीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीतू जैन ने किया।

## डिजिटल इंडिया 3.0 पर वेबिनार

17 दिसंबर, 2020 को ''डिजिटल इंडिया 3.0 : भारत के शासन में डिजिटल परिवर्तन'' पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया था। श्री अजय प्रकाश साहनी, भा.प्र.से., सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय, भारत सरकार- इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने सत्र का संचालन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ चारू मल्होत्रा और डॉ पवन के तनेजा ने किया।

## जनजातीय प्रतिभा पूल पर वेबिनार

एनएफएसटी स्कॉलर्स के लिए 4 दिसंबर, 2020 को ''जनजातीय विद्वान और विकास योजनाएं'' की थीम पर ''जनजातीय प्रतिभा पूल'' पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का संचालन डॉ नूपुर तिवारी ने किया।

## मिशन कर्मयोगी पर वेबिनार

1 दिसंबर, 2020 को मिशन कर्मयोगी-द्वितीय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। श्री एस.एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने उद्घाटन टिप्पणी प्रस्तुत की। प्रो अशोक विशनदास और डॉ अमित सिंह द्वारा मिशन कर्मयोगी पर एक हवाई दृश्य प्रस्तुत किया गया था। प्रो. वी.के. शर्मा, भा.लो.प्र.सं. फैकल्टी द्वारा नमामि गंगे परियोजना पर एक सिंहावलोकन भी प्रस्तुत किया गया। सत्र के दौरान मिशन कर्मयोगी और फ्रेसिंग (Fracing) प्रक्रिया पर चर्चा की गई। डॉ अमित सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

## भारत की एक्ट ईस्ट नीति पर वेबिनार

28 दिसंबर, 2020 को *''इंडियाज एक्ट ईस्ट पॉलिसी : द चॉइस बेटविक्स्ट रीजनल कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एंड ट्रांसपेसिफिक पार्टनरशिप?''* पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया था। डॉ सुधीर सिंह, फैकल्टी, दयाल सिंह कॉलेज, डीयू और डॉ प्रीतम बनर्जी, विश्व बैंक सलाहकार- इस वेबिनार

के प्रमुख वक्ता थे। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने सत्र का संचालन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मनन द्विवेदी ने किया।

## आंतरिक इंजीनियरिंग पर वेबिनार

आंतरिक इंजीनियरिंग : आरोग्य के लिए प्रौद्योगिकी–विषय पर भालोप्रसं द्वारा 9 जनवरी, 2021 को ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु के साथ एक ऑनलाइन बातचीत सत्र का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, श्री सद्गुरु ने भारत राष्ट्र से विश्व के सांस्कृतिक नेतृत्व का जिम्मा लेने का आह्ववान किया, जो विश्व स्तर पर संघर्ष के समाधान का सौहार्दपूर्ण मार्ग प्रशस्त करे। उन्होंने नेताओं को आनंद का माहौल बनाने के महत्व के बारे में भी बताया ताकि वे स्थायी प्रभाव के साथ सबसे प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। ईशा फाउंडेशन कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के माधयम से अधिकारियों के लिए आंतरिक इंजीनियरिंग कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। माननीय केंद्रीय मंत्री, डीओपीटी और भालोप्रसं के अधयक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर इस अवसर की श्री वृद्धि की। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एम एन भंडारी, छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल श्री शेखर दत्त, श्री सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, भा.लो.प्र.सं. के महानिदेशक तथा श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव भा.लो.प्र.सं. ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरभि पांडेय ने किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया और भा.लो.प्र.सं. की क्षेत्रीय/स्थानीय शाखाएं, एटीआई और देश के विभिन्न हिस्सों के सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर वेबिनार

28 जनवरी, 2021 को उपभोक्ता अधययन केंद्र, भालोप्रसं द्वारा ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : छात्र सशक्तिकरण'' पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया था। श्री सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं., ने सत्र का संचालन किया। इस अवसर पर प्रख्यात वक्ताओं में थे – एमजी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजीव के शर्मा, बीपीएस महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुषमा यादव, डॉ डी. एस.एन. कुमार, कुलपति, सुशांत विश्वविद्यालय, डॉ कमलेश मिश्र, कुलपति, श्रषिहुड विश्वविद्यालय और प्रो हरि कृष्ण मारम, कुलपति, ग्लोबल डिजिटल यूनिवर्सिटी, यूएसए। कार्यक्रम का संचालन प्रो सुरेश मिश्रा और डॉ ममता पठानिया ने किया।

## राष्ट्रीय विरासत शहर विकास और विस्तार योजना पर वेबिनार

27 जनवरी, 2021 को ''राष्ट्रीय विरासत शहर विकास और संवर्धन योजना : नीति प्रक्रिया'' पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया। श्री विजय प्रकाश, भा प्र से (सेवानिवृत्त), अध्यक्ष, बिहार विद्यापीठ, पटना व भा.लो.प्र.सं. की बिहार क्षेत्रीय शाखा के अध्यक्ष ने अतिथियों का स्वागत किया। बिजॉय कुमार चौधरी, कार्यकारी निदेशक, बिहार विरासत विकास समिति, बिहार सरकार,– वेबिनार के मुख्य वक्ता थे और प्रो राश बिहारी सिंह, भूगोल के प्रोफेसर और पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति–विशेषज्ञ पैनलिस्ट थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ नुपुर तिवारी ने किया।

## जनजातीय सतत विकास के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण पर आभासी सम्मेलन

### ''बहुविषयक'' पर एक आभासी सम्मेलन

''राष्ट्रीय टीआरआई के सहयोग से जनजातीय सतत विकास के लिए बहु–विषयक दृष्टिकोण'' विषय पर– उत्कृष्टता केंद्र, जनजातीय मामले, भा.लो.प्र.सं. द्वारा 28 से 30 जनवरी, 2021 तक एक आभासी सम्मेलन आयोजित किया गया था। पद्म श्री (2020), राहीबाई सोमा पोपेरे ने सम्मेलन को संबोधित किया। पोपेरे एक स्व–शिक्षित आदिवासी महिला हैं, जो कृषि जैव–विविधता संरक्षण में, खासकर स्वदेशी किस्मों के मामले में अपने काम के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध हैं। सम्मेलन का संचालन डॉ नूपुर तिवारी ने किया।

## भारत के ऊर्जा मिश्रण और विदेश नीति के निहितार्थ पर वेबिनार

25 फरवरी, 2021 को ''भारत के ऊर्जा मिश्रण और विदेश नीति के निहितार्थ''- विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। श्री एस.एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने स्वागत भाषण दिया। वेबिनार के प्रख्यात वक्ता थे- श्री उत्तम कुमार सिन्हा, शोध अध्येता, मनोहर पर्रिकर रक्षा अधययन एवं विश्लेषण संस्थान और डॉ भूपेंद्र कुमार सिंह, निदेशक और प्रमुख, ऊर्जा सुरक्षा, भारतीय उद्योग परिसंघ, नई दिल्ली। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनन द्विवेदी ने किया।

## अटल पेंशन योजना पर वेबिनार

24 फरवरी, 2021 को अटल पेंशन योजना पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। श्री एस.एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने अपनी उद्घाटन टिप्पणी प्रस्तुत की। श्री पी.के. लाहेरी, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त), गुजरात क्षेत्रीय शाखा के अध्यक्ष ने अतिथियों का स्वागत किया। भा.लो.प्र.सं. फैकल्टी, प्रो अशोक विशनदास ने परिचयात्मक विषय प्रस्तुत किया और साथ ही कार्यक्रम का समन्वयन किया। डॉ मदनेश कुमार मिश्र, संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय- मुख्य चर्चाकार थे। वेबिनार के अन्य वक्ता थे- गुजरात के प्रो संजय वनानी और श्री पी.एन. जैन, अवैतनिक सचिव, गुजरात क्षेत्रीय शाखा। भा.लो.प्र.सं. के कुलसचिव श्री अमिताभ रंजन ने धान्यवाद प्रस्ताव दिया।

## कलाकार की नजर से जीवन पर वेबिनार

46वें अप्पा के प्रतिभागियों के लिए 12 फरवरी, 2021 को 'तरन्नुम'- कलाकार की नजर से जीवन- पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। फिल्म और टेलीविजन अभिनेत्री सुश्री सादिया सिद्दीकी मुख्य वक्ता थीं। श्री एस. एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने परिचयात्मक टिप्पणी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ चारू मल्होत्रा ने किया। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ पवन के तनेजा भी मौजूद रहे।

## 67वां स्थापना दिवस

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (भा.लो.प्र.सं.) का 67वां स्थापना दिवस 26 मार्च, 2021 को संस्थान की दूसरी मंजिल पर नव-उद्घाटित टी एन सी स्मारक हॉल में लोक प्रशासन की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित किया गया था। श्री एस एन त्रिपाठी महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने अध्यक्षीय टिप्पणी दी। डॉ चारू मल्होत्रा ने अतिथियों का परिचय दिया। प्रो सुरेश मिश्रा ने संक्षेप में भा.लो.प्र.सं. के इतिहास के बारे में बताया। डॉ आर एस शर्मा, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त), सीईओ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा व्याख्यान दिया गया। श्री अमिताभ रंजन कुलसचिव भा.लो.प्र. सं. ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में 46वें अप्पा के प्रतिभागियों, भा.लो.प्र.सं. के संकाय और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया और भा.लो.प्र.सं. की क्षेत्रीय/स्थानीय शाखाएं और देश के विभिन्न हिस्सों के सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद भा.लो.प्र.सं. स्टाफ द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर वेबिनार

24 मार्च, 2021 को ''आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना'' पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। श्री एस.एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया। श्री विनोद जुत्शी, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त), पूर्व सचिव, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार और डॉ विपुल अग्रवाल, भा.पु.से., उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण- प्रमुख वक्ता थे। श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव, भा.लो.प्र.सं. ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. साकेत बिहारी ने किया।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर वेबिनार

10 मार्च, 2021 को भा.लो.प्र.सं. की हरियाणा

आंचलिक शाखा के सहयोग से ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। श्री एस.एन. त्रिपाठी, महानिदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया। भा.लो.प्र.सं. की एसोसिएट प्रो डॉ नीतू जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर के दौरान प्रख्यात वक्ता थे- श्री एम.सी. गुप्ता, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त), अध्यक्ष, हरियाणा आंचलिक शाखा; डॉ वागेश्वरी देशवाल, एक नारीवादी; सुश्री वसुंधरा, प्रबंध निदेशक, वैकल्पिक देखभाल उत्कृष्टता केंद्र; डॉ राजीव ढाका, अवैतनिक सचिव, हरियाणा आंचलिक शाखा और हरियाणा आंचलिक शाखा से डॉ जी. प्रसन्न कुमार भा.प्र.से. से (सेवानिवृत्त) श्री अमिताभ रंजन कुलसचिव भा.लो.प्र.सं. ने धान्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2021

उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार के सहयोग से भा.लो.प्र.सं. के उपभोक्ता अधययन केंद्र ने 15 मार्च, 2021 को ''प्लास्टिक प्रदूषण से निपटना'' विषय पर विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2021 आभासी रूप में आयोजित किया और मनाया। उपभोक्ता अधययन केंद्र के समन्वयक प्रो सुरेश मिश्रा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। सुश्री लीना नंदन, सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार ने उद्घाटन भाषण दिया। प्रो. सी.के. वार्ष्णेय, पूर्व संकायाध्यक्ष, पर्यावरणीय अध्ययन विद्यालय, जेएनयू ने ''प्लास्टिक वेस्ट- एन एनवायर्नमेंटल हैजर्ड'' पर बात की। सुश्री पुष्पा गिरिमाजी, वरिष्ठ पत्रकार, उपभोक्ता कार्यकर्ता और स्तंभकार ने ''प्लास्टिक कचरे से निपटना - उपभोक्ता उत्तरदायित्व'' पर बात की। डॉ सपना चड्ढा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## संस्थान के विशिष्ट आगंतुक

राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, नेपाल के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल बाला नंदा शर्मा के नेतृत्व में उच्च पदस्थ नागरिक और सैन्य अधिकारियों सहित नेपाल से एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 15 मार्च, 2021 को भा.लो.प्र.सं. का दौरा किया। श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव, भा.लो.प्र.सं. ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। डॉ. सुरभि पांडेय ने भालोप्रसं के बारे में एक प्रस्तुति दी।

## शैक्षणिक केन्द्र पीठ

प्रत्येक अकादमिक केंद्र में संबंधित अध्ययन क्षेत्र में रुचि, अनुभव और विशेषज्ञता रखने वाले संकाय सदस्यों का एक समूह शामिल है। ये निम्नलिखित कार्यों के लिए समय-समय पर मिलते हैं-

(अ) अनुसंधान और प्रशिक्षण के अपने संबंधित क्षेत्रों में कार्य की वार्षिक योजना तैयार करते हैं, और उसकी समय-समय पर समीक्षा करने के लिए

(ब) कार्रवाई की व्यक्तिगत योजनाओं पर चर्चा, समन्वय और समीक्षा करने के लिए

(स) सदस्यों के अकादमिक आदान-प्रदान और व्यावसायिक विकास के लिए एक मंच के रूप में कार्य करने के लिए

(द) अंतर- विषयक गतिविधियों को बढ़ावा देने में अन्य शैक्षणिक समूहों के साथ समन्वय करने के लिए

केंद्र समन्वयकों को निदेशक द्वारा नामित किया जाता है। संस्थान की तंग वित्तीय स्थिति के कारण प्रत्येक अकादमिक केंद्र को अपनी गतिविधियों के लिए धन की तलाश करनी पड़ती है। 31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार शैक्षणिक केंद्रों की सदस्यता संरचना अनुलग्नक च. 4 में दर्शाई गई है।

(भा.लो.प्र.सं. के भीतर आयोजित प्रशिक्षण और अनुसंधान के अलावा) विभिन्न भा.लो.प्र.सं. संकाय के अकादमिक योगदान का लेखा-जोखा अनुलग्नक च. 5 में दिया गया है।

## शहरी अध्ययन के केंद्र

अनुलग्नक च-10 के अनुसार

### उपभोक्ता अध्ययन केंद्र

अनुलग्नक च-11 के अनुसार

## जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण और सूखा प्रशासन केंद्र

| कार्यक्रम का नाम | कार्यक्रम समन्वयक | दिनांक | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| तकनीकी कार्मिकों के लिए 15वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम (2 हफ्ते) | प्रो विनोद के शर्मा<br>डॉ श्यामली सिंह | 11-12 जनवरी, 2021 | 27 |
| जल संसाधान प्रबंधन एवं चिरस्थायी पर्यावास पर प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम (वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीविद्) (1 सप्ताह) | प्रो विनोद के शर्मा<br>डॉ श्यामली सिंह | 01-05 फरवरी, 2021 | 25 |
| विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं शासन में उभरते रूझान पर दसवां प्रशिक्षण कार्यक्रम (वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी विद) (1 सप्ताह) | प्रो विनोद के ष्ठार्मा<br>डॉ श्यामली सिंह | 08-12 फरवरी, 2021 | 28 |

